मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 225 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
30 जनवरी 2024 मंगलवार

**आज का मौसम**
26 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## 10405 करोड़ की नई सड़कें, प्रदेश के लिए सौगातों का दिन

# मप्र के छह राज्यों के साथ खुलेंगे कारोबार व तीर्थाटन के नए रास्ते

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में आज सड़कों की नयी सौगातों का दिन है। 10405 करोड़ रूपये की लागत से 724 किमी लम्बी, 24 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी व मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरी झंडी दिखा रहे हैं। खास बात यह है नई सडकों से महाकौशल क्षेत्र के गेंहूँ और धान कृषि व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों तक कनेक्टिविटी आसान होगी। कटनी के कोयला खदान उद्योग को लाभ मिलेगा। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, ओरछा, राष्ट्रीय पेंच टाइगर कॉरीडोर तक भी सुगम कनेक्टिविटी बनेगी। बुधनी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज और वुड क्राफ्ट व्यापार को तक लाभ पहुंचेगा, साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों के बीच व्यावसायिक एवं नागरिक यातायात सुगम होगा।

आज गडकरी व यादव ने जिन प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी है उनके कहत भोपाल में 838 करोड़ रूपये के 498 किलोमीटर लम्बे 15 राष्ट्रीय राजमार्ग बनेंगे। इनका शिलान्यास लाल परेड मैदान में हो रहा है। इससे पहले गडकरी व यादव ने जबलपुर में 2367 करोड़ रूपये के 226 किलोमीटर लम्बे 9 एनएच का शिलान्यास वेटनरी कॉलेज ग्राउंड पर किया। राजधानी भोपाल में गडकरी यादव जिन प्रोजेक्ट की शुरूआत कर रहे हैं उनमें एनएच 46 के अयोध्या बायपास खण्ड का छः लेन चौड़ीकरण, एन.एच.-146बी के शाहगंज से बाड़ी खण्ड का चार-लेन चौड़ीकरण, मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा से श्योपुर-गोरस का दो-लेन, शुजालपुर बायपास का दो-लेन निर्माण, अटेर एवं भिण्ड बायपास का दो-लेन सड़क निर्माण, गोरस से श्यामपुर मार्ग का दो-लेन, दाहोद (गुजरात सीमा) से अम्बुआ दो-लेन, मुलताई से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा तक का दो-लेन निर्माण शुरू हुआ है। वहीं दोनों नेताओं ने जबलपुर में टीकमगढ़-झांसी सड़क पर स्थित जामनी नदी पर पुल निर्माण, चंदिया घाटी से कटनी बायपास तक दो लेन सडक, बमीठा से खजुराहो हिस्से का चार-लेन चौड़ीकरण का लोकार्पण किया तथा गुलगंज बायपास से बारना नदी तक दो लेन सड़क, बारना से केन नदी तक दो लेन सड़क व पुल आदि का शिलान्यास किया। जबलपुर में लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री समेत केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, डा.वीके सिंह, प्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह समेत सांसद और विधायक मौजूद रहे।



### चुनाव के पहले तेजी पकड़ेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

*मप्र में लोकसभा चुनाव के पहले राज्य सरकार अब मोड बदल रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि राज्य में जनसुविधाओं वाली कई योजनाओं की शुरूआत व तैयार हो चुकी योजनाओं का लोकार्पण कराने का खाका बनाया जा रहा है। चुनाव का ऐलान होने के पहले तक सरकार ऐसी सभी योजनाओं का सिरे चढाने का काम कर रही है। भाजपा विधाकयों के क्षेत्र में भी अधूरे पड़े कामों पर फोकस किय जा रहा है। मप्र सरकार अब डबल इंजन वाली सरकार की छवि को मजबूत करने के लिये केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी वाले कार्यक्रम भी डिजाइन कर रही है। गौरतलब है कि उज्जैन में इंवेस्टर्स समिट का कार्यक्रम भी सरकार के कामकाज की ब्रांडिंग की दिशा में उठा कदम ही है।*

## ईडी के तेवर भी सख्त

# फरार झारखंड सीएम की मुश्किलें बढीं, लालू के बाद तेजस्वी तलब



**रांची, एजेंसी।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रांची भूमि घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय को वे पूछताछ के लिए मिल नहीं रहे हैं और नोटिस का जवाब भी नहीं दे रहे हैं। अब आज का दिन अहम माना जा रहा है। क्योंकि मुख्यमंत्री की ओर से ईडी को ईमेल कर बताया गया था कि वे पूछताछ के लिए रांची में उपलब्ध रहेंगे। मेल में लिखा है कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 2 फरवरी से 29 फरवरी के बीच आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री इसकी तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। इन परिस्थितियों में 31 जनवरी 2024 को या उससे पहले बयान दर्ज करने का आपका आग्रह दुर्भावनापूर्ण है।

उधर जॉब फॉर लैंड में लालू यादव का परिवार घिरता जा रहा है। कल ईडी ने लालू यादव से 8 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की, आज तेजस्वी यादव को पटना स्थित ईडी दफ्तर बुलाया गया। लालू पर आरोप है कि उनके रेल मंत्री रहते रेलवे में नौकरी देने के बदले लोगों से उनकी जमीन अपने नाम करवाई गई थी। ईडी ने इस महीने दिल्ली की अदालत में एक आरोप पत्र दाखिल कर अन्य लोगों के साथ लालू के परिवार के सदस्यों राबड़ी देवी एवं उनकी पुत्रियों मीसा भारती व हेमा यादव को आरोपित बनाया गया था।

**भाजपा ने घोषित किया ईनाम**

:भाजपा ने हेमंत सोरेन और सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा पर निशाना साधा है। भाजपा ने हेमंत सोरेन को भगोड़ा करार दिया है और आरोप लगाया है कि सोरेन ने राज्य की इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। झारखंड भाजपा के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने सीएम को तलाशने पर 11 हजार रुपये इनाम देने का एलान किया है। मरांडी ने कहा कि हमारे राज्य के मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसियों के डर से पिछले करीब चालीस घंटे से लोकलाज त्याग कर लापता हैं और चेहरा छिपाकर भागे-भागे फिर रहे हैं।

# फिर फिसला सेंसेक्स, शेयर बाजार में मायूसी



**मुबंई एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में आज मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। सेंसेक्स पहले 72 हजार के पार खुला तो वहीं कुछ देर बाद इसमें गिरावट देखने को मिली, हालांकि थोड़ें समय बाद यह फिर से हरे निशान पर कारोबार करने लगा। यही हाल निफ्टी का भी रहा। सेंसेक्स ने आज 72,142.23 को टच किया, तो निफ्टी 21,775.75 पर ओपन हुआ और 118 अंक फिसलकर 45,323 पर आ गया। जबकि मिडकैप निफ्टी में मामूली तेजी थी और यह 10,678 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। हालांकि ऑटो, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक, रियल्टी, फार्मा, हेल्थकेयर जैसे सेक्टर में तेजी देखी जा रही है मगर सर्विस और कंज्यूमर जैसे सेक्टर में गिरावट रही। बाजार में आज पांच शेयरों ने सबसे ज्यादा नुकसान कराया. बजाज फाइनेंस 4 फीसदी से ज्यादा गिरा तो आईआरएफसी करीब 3 फीसदीं गिरकर 166 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा, रेन इंडस्ट्रीज, अडानी ग्रीन और गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयर भी गिरे।

## जय शाह अब आईसीसी चीफ का चुनाव लडेंगे

**नई दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल की आज एनुअल जनरल मीटिंग इंडोनेशिया के बाली में हो रही है। खबरों के मुताबिक एसीसी अध्यक्ष जय शाह इस मीटिंग में एक बड़ा फैसला ले सकते हैं, वो अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का चुनाव लड़ सकते हैं। यह इसी साल नवंबर में होना है। इसका फैसला एसीसी की मीटिंग में हो सकता है। इस बैठक में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्य हिस्सा लें रहे हैं। जय शाह इस समय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में सचिव पद पर भी काम कर रहे हैं साथ ही एसीसी में भी शाह को अध्यक्ष पर पर कार्य करते हुए एक साल हुआ है।



## हम इंडिया गठबंधन में रहने को तैयारः टीएमसी

**कोलकाता एजेंसी।** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कहा है कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं की है। 'टीएमसी इंडिया गठबंधन में रहने को तैयार है तथा हमने उन्हें (कांग्रेस) 31 दिसंबर तक सीटों के बारे में स्पष्ट करने के लिए कहा था। लेकिन उन्होंने कोई एलान नहीं किया। अगर वे सीटें घोषित नहीं करना चाहते हैं तो क्या इसके लिए उन्हें मजबूर किया जा सकता है?'



**आज का कार्टून**




## मोदी ने राजघाट पहुंचकर बापू को दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति भी पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर पूरा देश आज बापू को याद कर रहा है। इस बीच पीएम मोदी ने भी राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी राजघाट पहुंचे और बापू को श्रद्धांजलि देकर उनका नमन किया। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर के महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देता हूं। साथ ही मैं उनका भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान हमें देश के लोगों की सेवा और उनके लक्ष्यों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं।



# भारतीय नौसेना का समुद्र में दबदबा, पाक बंधकों को आजाद कराया

### समुद्री लुटेरों की दो हाइजैकिंग नाकाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय नौसेना का अरब सागर में दबदबा फिर साबित हुआ है। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने अदन की खाड़ी में सोमाली समुद्री लुटेरों को करारा जवाब दिया और 19 पाकिस्तानी नागरिकों समेत ईरानी जहाज को बचा लिया। इन लुटेरों ने मछली पकड़ने वाले जहाज को किडनैप कर लिया था। जहाज से इमरजेंसी कॉल आने के बाद युद्धपोत ने दूसरा समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाया और बड़ी सफलता हासिल की। इससे पहले भारतीय नौसैनिक युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने रविवार को ईरान के जहाज एफवी ईमान को बचाया था। उसके बाद जहाज अल नईमी को सोमालिया के लुटेरों के शिकंजे से छुड़ाया है। यह घटना केरल के कोच्चि के तट से 800 मील दूर अरब सागर में हुई।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर लिखा, आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नईमी पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया और 11 सोमाली समुद्री डाकुओं से 19 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को बचा लिया। पाकिस्तान के नागरिकों का सोमालिया के पूर्वी तट से सशस्त्र सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

नौसेना ने अरब सागर में 24 घंटे के अंदर हाईजैकिंग की दो बड़ी कोशिशों को नाकाम किया है। समुद्री लुटेरों ने 28-29 जनवरी को भी अरब सागर में ईरानी जहाज को हाईजैक करने की कोशिश की थी तब भारत के जंगी जहाज आईएनएस सुमित्रा ने मोर्चा संभालकर जहाज और उसके चालक दल (17 ईरानी नागरिकों) को कुछ ही घंटे में सुरक्षित रूप से बचा लिया था।



**मेट्रो एंकर**

### बिहार घटनाक्रम के बाद-आयाराम-गयाराम, पलटीमार, गिरगिट...

# नीतीश के कितने नाम..पुराने सहयोगी अब तक हैरान

**पटना/नई दिल्ली, एजेंसी।**

बिहार की राजनीति में पालाबदल के नये संस्करण के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में कई नाम फिर प्रचलन में आ गये हैं। भाजपा से हाथ मिलाकर नीतीश ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की राह आसान कर दी है, लेकिन उनके हाथ केवल पुरानी कुर्सी ही आई मगर इस बार वे काफी कड़े सवालों का सामना भी कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले नीतीश कुमार की रणनीति इस बार उनकी राजनीतिक शुचिता, विश्वसनीयता और स्वच्छ छवि के विरुद्ध खड़ी दिखी है। इसीलिये भाजपा के विरुद्ध धारा में चलने वाली पार्टियों ने भी नीतीश कुमार को कई नकारात्मक उपमाओं में बदल डाला। लालू यादव का परिवार उन्हें लगातार गिरगिट की संज्ञा दे रहा है।

नीतीश के एनडीए गठबंधन में चले जाने के बाद कांग्रेस के व्यवहार में भी यू टर्न आया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सबसे पहले उन्हें आयाराम-गयाराम की तरह का नेता बताया। उन्होंने कहां नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़ने के फैसले के बारे में पहले से जानते थे। लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'बार बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और बीजेपी घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।'



अरविंद केजरीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश के यू-टर्न पर कहा है कि इससे बीजेपी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ही नुकसान होगा, नीतीश ने गलत किया है। जनतंत्र में यह कंडक्ट सही नहीं है। लेकिन जो मेरी समझ है इससे एनडीए को भारी नुकसान होगा। जबकि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने अपने मुखमत्र 'सामना' में छपे संपादकीय में लिखा है, देश में 'जय श्रीराम' के नारे लगाए जा रहे हैं, लेकिन बिहार में 'जय श्री पलटूराम' का नारा सुनाई दे रहा है। ये पलटूराम 'इंडिया' गठबंधन के कर्ताधर्ता रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल से तलाक लेकर इस उम्र में फिर से बीजेपी के साथ जिंदगी की शुरुआत करना नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन का अंत है।

वहीं ममता बनर्जी ने कहा कि नीतीश कुमार के बाहर निकलने से विपक्षी गठबंधन पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। नीतीश ने बिहार के लोगों की नजर में अपनी विश्वसनीयता खो दी है। अब तेजस्वी यादव के लिए बिहार में सुचारू रूप से काम करना आसान हो जाएगा। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- ये बीजेपी का लोकसभा चुनाव हारने की हताशा का नतीजा है, जिसने साज़िश करके एक भावी प्रधानमंत्री को अपने साथ मिलाकर मुख्यमंत्री के पद तक ही सीमित कर दिया। बीजेपी ने बिहार की जनता का अपमान किया है और जनमत का भी।

## रात को कोहरे के साथ दिन का मौसम हुआ सुहाना



भोपाल। राजधानी में मौसम पिछले दो-तीन दिन से बदला हुआ है। दिन में धूप की तेजी कड़ाके की ठंड से राहत दे रही है, लेकिन शाम को कभी बादल और सुबह का कोहरा बरकरार है।

### ओपन हार्ट सर्जरी की बजाए डिवाइस क्लोजर तकनीक का प्रयोग

# एम्सः मासूम के पैर के रास्ते दिल तक पहुंचाई डिवाइस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**शहर की दस साल की एक बच्ची का वजन लगातार घट रहा था और सांस लेने में परेशानी थी। समस्या बढ़ता देख परिजन बच्ची को लेकर एम्स ओपीडी पहुंचे। जांच में दिल में छेद होने की पुष्टि हुई। मेडिकल साइंस में इसे ओस्टियम सेकुंडम एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (ओएसएएसडी) कहते हैं। इस समस्या में पहले ओपन हार्ट सर्जरी ही विकल्प होता था। जबकि अब इस बच्ची के मामले में आधुनिक डिवाइस क्लोजर तकनीक को अपनाया गया। जिसमें पैर के रास्ते एक छोटी सी डिवाइस छेद तक पहुंचाई जाती है।**

एम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. किसलय श्रीवास्तव बताते हैं कि पहले मरीज को लोकल एनेस्थीसिया दिया गया। इसके बाद जांघ के पास से कैथेटर और तार डालकर समस्या की पूरी पड़ताल की गई। इसी ट्यूब के जरिए डिवाइस को उस स्थान तक पहुंचाया जहां छेद था। डिवाइस को छेद में रखा गया। जिसके बाद डिवाइस ने खुद ऊपरी और नीचे दोनों तरफ के हिस्से को फैलाना शुरू किया। इससे छेद पूरी तरह से बंद हो गया। डिवाइस सही जगह इंप्लांट हो गई है। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। एम्स में पहली बार यह तकनीक अपनाई गई। सर्जरी टीम में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह, डॉ. मधुर जैन, डॉ. किसलय श्रीवास्तव के साथ एनेस्थीसिया के डॉ. वैशाली वेंडेस्कर, डॉ. हरीश कुमार और डॉ. सीमा, डॉ आशिमा ने यह सफल इलाज किया।

### युवक की छाती से निकला सात किलो का ट्यूमर




एम्स में 22 साल का युवक महीनों से खांसी और खाना ना खा पाने की समस्या के साथ पहुंचा। मरीज की स्थिति को देखते हुए सिटी स्कैन कराया गया। जिसमें छाती में सात किलो का ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। यह खाने की नली और दिल से निकलने वाली खून के एक मोटी नस को ब्लॉक कर रहा था। निजी अस्पताल में सर्जरी का खर्च निजी में करीब 15 लाख रुपए आता है। वहीं एम्स में यह इलाज फ्री में हुआ है। डॉ. विनय कुमार ने बताया कि इस जटिल सर्जरी में आयु कम होना एक सकारात्मक फैक्टर था। मरीज के बाएं फेफड़ें में एक ट्यूमर था। ऐसी सर्जरी में दिल पर असर पड़ने का खतरा होता है। ऐसे में ऑनकोसर्जन की टीम के सात कार्डियोथोरेसिक सर्जन की मदद ली गई।

### मप्र एसटीएसएफ ने नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया वन तस्कर

# फरार तमांग का साथी बाघ व पैंगोलिन के अवशेष खरीदता था

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के बाघों व पैंगोलिन के अवशेषों को खरीदकर विदेशी तस्करों तक पहुंचाने वाला अंतर्राष्ट्रीय तस्कर ताशी उर्फ शेरपा बंगाल के सिलीगुड़ी से पकड़ाया है। यह गिरफ्तारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने की है। ताशी उसी जे तमांग का साथी है जो फरार है और जिसे खोजने के लिए इंटरपोल ने रेड कार्नर नोटिस जारी किया था। इन दोनों पर आरोप है कि ये मप्र के बाघ व पैंगोलिन के अवशेषों की खरीदी बिक्री करते थे। जिसमें से ताशी जे तमांग से खरीदे अवशेष देश के अंदर कई राज्यों में और नेपाल, चीन के बाजारों तक सप्लाई करता था। ताशी को नर्मदापुरम कोर्ट में सोमवार को पेश कर एक दिन की रिमांड ली है। एसटीएसएफ को ताशी से पूछताछ में और भी घटनाओं के खुलासे होने की संभावना है।

एसटीएसएफ के मुताबिक ताशी ने मप्र के 2 बाघ व 1 पैंगोलिन के अवशेष खरीदे थे। ये तीनों वन्यप्राणी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के थे। यह खरीदी वर्ष 2015 में फरार तस्कर जे तमांग से की थी। अब एसटीएसएफ के अधिकारियों को उम्मीद है मप्र के रिजर्वों में पूर्व में हुए अन्य शिकारों और उनके अवशेषों की तस्करी सुराग मिल सकता है।



फाइल फोटो

### जिस मामले में ताशी पकड़ाया, उस मामले में 36 आरोपी, 29 गिरफ्तार

**जिस मामले** में तस्कर ताशी पकड़ाया है, उस में 36 आरोपी है, इनमें से 29 गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें से 2 की मौत भी हो चुकी है। असल में एसटीएफ ने 2015 में शिकार और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। ये गिरोह एसटीआर के जंगलों में बाघ, पैंगोलिन का शिकार करता और उनके अवशेषों को बेचते थे। जिसमें बाघों की खाल, हड्डियां, चर्बी से निकाला तेल, नाखून, उनके बाल और पैंगोलिन के स्केल जे तमांग को बेचते थे और जे तमांग ताशी समेत अन्य अंतर राष्ट्रीय तस्करों को देता था। स्थानीय शिकारियों की पूछताछ पर जे तमांग को इंटरपोल की मदद से पकड़ा था, लेकिन उसे जमानत दे दी गई। यदि तभी रिमांड पर लेकर उससे लंबी पूछताछ की होती तो ताशी पकड़ में आ जाता।

# जेपी अस्पतालः रविवार को नहीं लगता एंटी रैबिज है इंजेक्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी भोपाल में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। शहर में कुछ इलाके तो ऐसे हैं जहां पर हर रोज कोई न कोई इनका शिकार बनता रहता है। रोजाना 80-100 मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। परंतु एंटी रैबिज इंजेक्शन लगवाने के लिए रविवार या छुट्टी के दिनों में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं सप्ताह में रविवार को जब ओपीडी बंद होती है तो भी लोग परेशान होते हैं। रही बात हर रोज की तो दो बजे के बाद यदि कोई डाग बाइट का मामला सामने आता है तो उसे इमरजेंसी में केवल टटनस का इंजेक्शन ही लगाकर काम चला दिया जाता है। यदि कोई एंटी रैबिज लगाने के लिए कहे तो उसे बाहर स्थित मेडिकल स्टोर का रास्ता दिखा दिया जाता है। चूंकि दो बजे के बाद यहां एंटी रैबिज इंजेक्शन लगाने का कोई प्रबंध नहीं है। यदि फिर भी कोई रैबिज इंजेक्शन लगाने की बात करता है तो उसे बाहर से ही लाना पड़ता है जो अस्पताल के मुकाबले काफी महंगा है।

**40 से 50 मरीज वापस लौटते हैं**

### बाजार से खरीदना पड़ता इंजेक्शन



फाइल फोटो

बता दें कि एंटी रैबिज इंजेक्शन लगाने के लिए अलग से विग तैनात किया गया है। लेकिन जब सरकारी छुट्टी आती है तो यह विग बंद रहता है। यानी यदि तीन छुट्टियां हो तो तीन दिन विग बंद रहेगा और जिसके चलते लोगों को महंगे दामों पर बाजार से एंटी रैबिज के इंजेक्शन लेने पड़ते हैं।

### इनका कहना है..

*'शहर में डॉग बाइट की बढ़ती घटना को देखते हुए इंजेक्शन लगाने के लिए अलग से विग बनाई गई है। एक वाइल में से पांच लोगों को इंजेक्शन लगता है। रविवार या छुट्टी के दिन इमरजेंसी वार्ड में वैक्सीन लगाई जाती है।'*

-**डॉ राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

### मॉडल यूनाइटेड नेशंस संसद में दी प्रस्तुति

# प्रिंसी संसद रत्न की उपाधि से सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी द्वारा मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कार्यक्रम, संसद का आयोजन किया। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की रशा हाशमी और प्रिंसी पहलवानी ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 42वें संशोधन की प्रासंगिकता पर गहन विचार-विमर्श था। रशा हाशमी और प्रिंसी पहलवानी ने न केवल सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि कार्यक्रम के दौरान हुई गहन चर्चाओं में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संसद में प्रिंसी पहलवानी को संसद रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रिंसी पहलवानी को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और 7000 का नकद पुरस्कार दिया गया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने प्रतिभागियों और विशेष रूप से विजेता प्रिंसी को बधाई दी। लिटरेरी कमेटी की समन्वयक डॉ. नेहा गुप्ता ने भी प्रतिभागियों की सराहना की।

**मेट्रो एंकर** 10 दिनी शिविर में देशभर से हिस्सा लेने आए साधक

# स्वस्थ रहने की कला सिखाई जा रही शिविर में

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में 10 दिवसीय शिविर सोमवार से शुरू हुआ है, जो 29 जनवरी तक चलेगा। शिविर में देश के कई हिस्सों से आए साधक अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से भी लाभ की उम्मीद से आए हैं।

शिविर की शुरूआत पंजीयन एवं परामर्श के साथ हुई। डॉ दिनेश यादव ने व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना है। इस दस दिवसीय षिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेंगे। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक है, इसलिए इसका नाम ही 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' रखा गया है।



### सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

शिविर में प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान। शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला। बीमारियों को दूर करने में एनिमा, उपवास, अपक्काहार, नींद, शुभ चिंतन व ग्रीन जूस को अपनाकर सदैव स्वस्थ रहने की कला समस्त साधकों बताई। हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू हुआ है।

# टाटा मुंबई मैराथन 42 किलोमीटर रेस में सफल हुए वासंदानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

टाटा मुंबई मैराथन 42 किलोमीटर रेस में लगातार दूसरी बार संतनगर के कारोबारी धर्मेंद्र वासंदानी सफलता हासिल की है। वासदानी का कहना है कि समर्पण और लक्ष्य की ओर सतत प्रयास सफलता का मूल मंत्र है।

कामयाबी हासिल कर लौटे वासंदानी ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। समर्पण और मेहनत दो महत्वपूर्ण अंग हैं जो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करते हैं। किसी व्यक्ति में अगर यह दोनों गुण हों तो वो सफलता की दिशा में आगे बढ़ता जाता है। सफलता प्राप्ति के लिए व्यक्ति में सकारात्मकता होना जरूरी है। बात दे श्री धर्मेन्द्र वासंदानी, पूर्व में भी टाटा मुंबई मैराथन 42 किमी और साइक्लेथोंन बीआरएम 200 किमी रेस को जीत चुके हैं।



## पीसीसी में 2 पदाधिकारियों में भिड़ंत, तीन दिन में देना होगा जवाब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस मुख्यालय में कल दो पदाधिकारियों की भिडंत के चलते खासा हंगामा रहा। आलम यह रहा कि पार्टी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अब दोनों नेताओं शहरयान खान और प्रदीपअहिरवार को नोटिस थमाकर तीन दिन में जवाब मांगा है। इस घटना पर भाजपा ने की करारी चुटकियां ली हैं। इसे दिग्विजय सिंह और कमलनाथ समर्थकों की जंग बताया गया है।



बताया जाता है कि भिडंत के दौरान जमकर गाली-गलौज और धक्कामुक्की हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा। प्रवक्ता शहरयार और अजा विभाग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के बीच चुनावी नतीजों पर बात बहस में बदली और बहस झूमाझटकी में। नौबत गालीगलौच व हाथापाई तक आ गई। इस दौरान कांग्रेस के अन्य नेता दोनों को रोकने का प्रयास करते रहे। इस पूरे मामले के बाद पीसीसी के भूतल पर सन्नाटा छाया रहा। सारे कमरे बंद हो गये। सिर्फ तीसरी मंजिल पर थोड़ी हलचल रही व एक दो पदाधिकारी बैठे रहे। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स प्लेटफॉर्म पर घटना के वीडियो पोस्ट कर दिया। उन्होंने लिखा - कांग्रेस की जूतम पैजार , हाथापाई , गालीगलोच वाली संस्कृति एक बार फिर उजागर,पीसीसी में जमकर हुई गालीगलोच, अंदर कुर्सियां तक चलीं, मामला दिग्विजय सिंह को गाली बकने का।

# भाजपा गांव-गांव मिशन पर, कांग्रेस अभी सिविल लाइंस से 74 बंगले तक!



नजरिया

आशीष दुबे

मप्र में करारी हार के बाद कांग्रेस हाइकमान ने संगठन को जिस तरह की गति देने की गरज से फेरबदल किया था, वह करीब सवा महीने में पुरअसर नहीं नजर आ रहा है। संगठन थमा हुआ है और कार्यालय अक्सर वीरान नजर आता है। पुराने कुछ पदाधिकारी काम संभाले हुए हैं लेकिन इसमें भी 'तदर्थ' वाला भाव ज्यादा है, यह नयी व्यवस्था नहीं बनने का असमंजस है। यही हालात जिले से ब्लाक तक हैं। नये अध्यक्ष जीतू पटवारी अभी हालातों को समझते हुए ही दिख रहे हैं या अत्यधिक सावधान व संयमित रहने की कोशिश में ही नजर आते हैं। उनकी पीसीसी में अभी नियमित मौजूदगी नहीं है, चूंकि मैदानी स्तर तक संगठन का नया ढांचा नहीं है तो कोई बड़ा सांगठनिक कार्यक्रम भी नहीं चल रहा है। एक वरिष्ठ नेता दबी जुबान कहते हैं- पटवारी आते ही 'जो मारे वह मीर' वाला अवसर चूक गए हैं। नये के नाम पर सिर्फ वे ही हैं बाकी सब पुराने हैं।

दूसरी और भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में कई कदम बढ़ा दिये हैं, पार्टी ने अपने नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों तक को गांव गांव जाने और वहां राते गुजारने का मंत्र दिया है। पार्टी लगातार वोट प्रतिशत बढाने के लिये अपने 'माइक्रो मैजेनजमेंट' के जरिये सक्रिय है, व लोकसभा क्षेत्र प्रभारी भी तय हो गये हैं।

हिंदी पट्टी के इस महत्वपूर्ण राज्य का दो महीने बाद के लोकसभा चुनाव में खासा महत्व है। भाजपा के अंदरखाने तैयारी इसलिये ज्यादा तेज है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के नतीजे उसके आठ से दस लोकसभा क्षेत्रों में पिछड़ने का संकेत दे चुके हैं। कांग्रेस के लिये यह 2009 जैसा पॉजिटिव संकेत हैं, पर इसे रिजल्ट में परिवर्तित करने वाली मशीनरी अभी सक्रिय नहीं है, पहले कांग्रेस के सिविल लाईन स्थित कमलनाथ के बंगले तक सिमटने के आरोप थे तो अब 74 बंगला निवासी पटवारी के जरिए पीसीसी तक आने का इंतजार है। गौरतलब है कि 08 में भी कांग्रेस की मप्र में हार हुई थी लेकिन तीन



महीने बाद 09 के लोकसभा चुनाव में उसने बारह सीटें जीत ली थीं। अभी कांग्रेस में इलेक्शन वॉर-रूम बनने की शुरूआत जरूर हुई है, लेकिन कई औचक व अजब वॉर पीसीसी के अंदरखानों में चल रहे हैं या परिसर में..!

## लोगों पर हमले कर रहे उत्पाती हाथी, एक माह में 10 से अधिक घटनाएं

### सबसे अधिक उमरिया, शहडोल व अनूपपुर में आतंक



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के अनूपपुर, उमरिया और शहडोल में हाथियों का आतंक बढ़ रहा है। अब तक ये खेतों में फसलों और पेड़ों को ही निशाना बना रहे थे अब घरों के नजदीक तक पहुंचकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहा है। हाल ही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में एक हाथी ने रिसोर्ट परिसर में एक व्यक्ति को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पिछले एक महीने में 10 से अधिक लोगों पर हमले कर चुके हैं। लोग इन उत्पाती हाथियों से भारी परेशान हैं। इधर वन विभाग हाथियों से निपटने में बुरी तरह नाकाम है। हाथी दल भी ग्रामीणों को समय पर जागरुक नहीं कर पा रहे हैं। केवल हाथी उत्पात से निपटने के नाम पर कागजी खानापूर्ति चल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग एक तरह से मुक दर्शक बना हुआ है। नाम का हाथी दल, उसे तो हम सूचना दे रहे अनूपपुर, उमरिया समेत अन्य जिलों के प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर वन विभाग का कोई तंत्र काम नहीं कर रहा है, हाथी गांव के अंदर तक दाखिल हो जाते हैं, नुकसान पहुंचाने लगते है। तब ग्रामीणों की ओर से वन विभाग को सूचना दी जाती है तब विभाग घंटों बाद हरकत में आता है। कहने भर को हाथियों के गांव की ओर पहुंचने से पहले सूचना देने के लिए हाथी मित्र दल है लेकिन उन्हें तो ग्रामीण सूचना देते हैं, जबकि इस तरह की सूचना तो उन्हें ग्रामीणों को दी जानी चाहिए। असल में हाथी मूवमेंट वाले क्षेत्रों में खुदाई खाई बनाई जाती है। इसकी गहराई व चौड़ाई इतनी रखी जाती है कि उसे हाथी पार न कर सके। ऐसी खाई एलिफेंट प्रूफ ट्रैंच कहलाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक हाथी बड़ा वन्यप्राणी है जिसे खदेड़ना मुश्किल होता है। खासकर जब ये समूह में होते हैं तब तो और मुश्किल होता है इसलिए जब भी ये कोई रूट पकडकर चलना शुरू करते हैं तो रोकना मुश्किल हो जाती है। ऐसी स्थिति में ये खाई ही इनका रास्ता रोक सकती हैं।

### हाथी खाई से हाथियों को रोकने का बना रहे प्लान

इधर, वन विभाग ने फिर एक दावा किया है कि अब उत्पाती हाथियों को मप्र के जंगल में प्रवेश करने से रोकने के लिए हाथी खाई बनाई जाएंगी। ये खाई उन मार्गों पर बनाई जाएंगी, जहां से हाथी दूसरे प्रदेशों से होकर मप्र के जंगल में दाखिल होते हैं। इसके लिए सर्वे भी शुरू कर दिया गया है। ये खाई 2 मीटर चौड़ी व डेढ़ मीटर तक गहरी होंगी। इनकी लंबाई जरुरत के हिसाब से होगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मरवाही जिले के पेंड्रा, गोरेला से जंगली हाथी अनूपपुर के जतेरी, कोतमा रेंज में प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ये रूट इनके प्रमुख है। कभी-कभी दूसरे क्षेत्रों से भी मप्र की सीमा में दाखिल हो जाते हैं।

### यह नुकसान कर चुके हाथी

छत्तीसगढ़ व झारखंड से पिछले 5 वर्ष में 45 से अधिक हाथी मप्र के जंगल में प्रवेश कर चुके हैं। जिन्होंने अपना कुनबा भी बढ़ाया है। इनमें से कुछ हाथी को प्रशिक्षित करके वन विभाग मानसून गश्ती में मदद ले रहा है लेकिन ज्यादातर पकड़ में नहीं आ रहे हैं और ये उत्पाती भी है जो जंगलों से बाहर निकलकर आबादी वाले क्षेत्रों में उत्पात मचा रहे हैं। ये उमरिया व अनूपपुर वन क्षेत्रों में 1 वर्ष के भीतर 4 ग्रामीणों की जान ले चुके हैं तो एक दर्जन को घायल किया है जबकि कच्चे मकान, झोपड़ी, मोटर पंप, खेती के सामान, फसलों और पेड़ों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। आए दिन इस तरह की समस्या बन रही है।

### बीमार वयस्कों को लगेंगे टीके, शुरूआत फरवरी अंत में

## वयस्कों को टीबी के टीके के लिए 95 लाख डोज मिली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में पहली बार वयस्कों को टीबी के टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए राज्य को केंद्र सरकार से 95 लाख डोज मिल गई है। ये टीके पांच श्रेणी में रखे गए बीमार वयस्कों को पहले लगाए जाएंगे, जिसकी शुरूआत फरवरी के अंत में होगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मप्र इकाई से मिली जानकारी के मुताबिक इसके लिए 26 जिलों के लोगों को चिन्हित किया है। टीके की डोज लगाने के बाद इन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर बाकी के जिलों में टीकाकरण अभियान चलाने पर विचार होगा। अधिकारियों के मुताबिक टीके की एक ही डोज लगाई जानी है।



### सिकल सेल मुक्त पैदा हो नवजात

इधर, राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मंशा जताई है कि प्रदेश में पैदा होने वाले नवजात सिकल सेल जैसी बीमारियों से मुक्त हो। इसके लिए सिकल सेल रोग के खात्मे की लड़ाई और तेज की जाए। जरूरी कमियों को पूरा करे। काउंसलिंग का काम तेज हो। राज्यपाल ने सोमवार को जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य और आयुष विभाग की बैठक में इस पर चर्चा की। उन्होंने कह कि 2047 तक पूरी तरह इस रोग को खत्म करना है ताकि उसके बाद जो भी शिशु जन्में, वे इस रोग से मुक्त हो। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, आयुष, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार समेत अन्य मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री सिकल सेल रोग उन्मूलन के प्रयासों की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अपने सार्वजनिक उद्बोधनों में इसका उल्लेख कर सिकल सेल उन्मूलन की दिशा में प्रदेश के कार्यों को पूरे देश में प्रसारित कर रहे हैं इसलिए प्रदेश का दायित्व है कि वह सिकल सेल उन्मूलन के कार्यों में देश का अग्रणी राज्य बने। उल्लेखनीय है कि सिकल सेल रोग से मुक्ति के लिए गठित मिशन की प्रधानमंत्री ने शहडोल जिले से लांचिंग की थी।

## रिटायर होने वाले कर्मचारियों को वेतनवृद्धि का फैसला आज संभावित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि का लाभ देने सहित चार प्रतिशत महंगाई राहत एवं छठे वेतन आयोग के पुनरीक्षण नियम में सुधार करने को लेकर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव वित्त से मुलाकात की है। बताया जाता है कि उक्त तिथियों को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को अब जुलाई एवं जनवरी में वेतनवृद्धि देने के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज बैठक हो रही है इसमें, यह फैसला हो सकता है। उधर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष आमोद सक्सेना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख सचिव मनीष सिंह से मिलकर पेंशनर्स की समस्याओं से अवगत कराया। प्रदेश के 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सभी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी करने का प्रमुख सचिव से अनुरोध किया गया किया साथ ही यह भी बताया कि कई पेंशनर अस्वस्थ एवं असहाय है एवं जो पेंशनर जीवित नहीं है उन्हें भी न्याय मिलना चाहिए । इस संबंध में यह भी बताया गया कि जून एवं दिसंबर को सेवानिवृत कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने का आदेश उच्चतम न्यायालय ने पारित किया है।

## नड्डा से चुनाव तैयारी पर यादव की चर्चा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली दौरे पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट की। माना जा रहा है कि यादव ने नड्डा को मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी भी दी। उन्होंने केंद्र सरकार योजनाओं के प्रचार-प्रसार और अन्य विकास कार्यों से भी नड्डा को अवगत कराया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से भी भेंट की।

## बीयू में बर्ड सर्वे: विद्यार्थियों को मिली पक्षियों की 58 प्रजातियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) परिसर में बर्ड सर्वे में विद्यार्थियों को पक्षियों की 58 प्रजातियां मिलीं। यह गतिविधि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत कराई गई। इस गतिविधि का केंद्र प्रधानमंत्री द्वारा सीओपी-26 में प्रस्तावित मिशन लाइफ था। इस सर्वे में 40 छात्रों सहित कई पर्यावरणविदों ने भाग लिया।

**मेट्रो एंकर** राजभवन में वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास की उच्च स्तरीय बैठक

# गरीब और पिछड़े समुदायों के उत्थान के प्रयासों में संवेदनशीलता जरूरी : राज्यपाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान की डिजाईन और सामग्री की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में सहयोग किया जाना चाहिए। आवास में प्रकाश, हवा और स्वच्छता की व्यवस्थाओं के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाना चाहिए। योजना के तहत आवास निर्माण में सबसे गरीब परिवार को प्राथमिकता दी जाये। प्रथम किश्त प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के आवास बरसात से पहले पूरे हो जाये, इसमें भी सहयोग किया जाना चाहिए। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन और जनजातीय कार्य विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं पर बैठक में चर्चा के दौरान कही। उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन राजभवन के सभाकक्ष में हुआ। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का लक्ष्य समाज के वंचित और दूरस्थ




अंचलों में रहने वाले गरीब और पिछड़े समुदायों का उत्थान है। इन वर्गों का योजनाओं के माध्यम से विकास हो, उनका जीवन बेहतर बने। इसी मंशा के साथ योजना का निर्माण व्यापक स्तर पर किया जाता है। योजना का लाभ हितग्राही को मिले यही उसका अंतिम लक्ष्य है। व्यवहारिक आवश्यकताओं, क्षेत्रीय विशिष्टताओं के अनुरूप प्रभावी क्रियान्वयन के लिये क्रियान्वयन अधिकारी की सोच का संवेदनशील और व्यवहारिक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह समझना जरूरी है कि नियम, योजना के हितग्राही को लाभान्वित करने के लिए बनाये गये है, उनके हितों की अनदेखी करना किसी भी नियम की मंशा कभी नहीं हो सकती। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन, पर्यावरण और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, राज्य मंत्री वन, पर्यावरण दिलीप अहिरवार आदि मौजूद रहे।

### बैठक में दी जानकारी

राज्यपाल को बैठक में बताया कि पेसा नियम के क्रियान्वयन के संबंध में 20 जिलों में 11 हजार 595 ग्राम सभाओं के 13 हजार 753 फलियों, मजरों, टोलों एवं बसाहटों तक प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया है। प्रदेश के 18 चिन्हित जिलों के विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में 198 वन-धन केन्द्रों की स्थापना के लक्ष्य की तुलना में 201 केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है। प्रदेश के 827 वनग्रामों में से 793 वन ग्रामों के संपरिवर्तन की प्रस्तावित अधिसूचना जिला स्तर पर जारी हो गई है। पिछले 10 वर्षों में जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के विरुद्ध 14,256 पंजीबद्ध प्रकरणों में से 10 हजार 80 प्रकरण निराकृत किए गए है। न्यायालय में 1 हजार 932 विचाराधीन है।




**सुविचार**

''इंसान तो हर घर में पैदा होते हैं,
बस इंसानियत कहीं कहीं जन्म लेती है।''
– अज्ञात

## संपादकीय

# कोशिशों पर टिकी ऊर्जा

*एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य वाली योजना की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों घोषणा की है। अभी इस योजना की विस्तृत जानकारी अभी सामने आनी है लेकिन इसका व्यापक लक्ष्य एकदम स्पष्ट है, गरीब और मध्य वर्ग के परिवारों को स्वच्छ और सस्ती बिजली मुहैया कराना। लेकिन इसकी लागत और कमजोर आय वर्ग वालों तक पहुंच की जरूरत के बीच सरकार को सेतु बनाना होगा। खास बात यह है कि देश में करीब पच्चीस करोड़ घरों तक इस माध्यम से बिजली पहुंचाई जा सकती है लेकिन यह संख्या अभी कुछ हजारों में ही है। बहरहाल छतों पर लगने वाले सौर ऊर्जा उपकरण सबको बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल करने का एक अहम जरिया है। ऐसा इसलिए कि पारंपरिक बिजली उत्पादन मॉडल की तरह इसमें अंतिम छोर तक अधोसंरचना की उतनी जरूरत नहीं होती। इसलिये कई मायनों में सरकार के लिये यह अपेक्षाकृत किफायती होता है। यह अक्षय ऊर्जा को लेकर देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता की दृष्टि से भी उपयोगी कदम होगा। भारत का लक्ष्य अपनी स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 फीसदी अक्षय बिजली उत्पादन स्त्रोतों से हासिल करने का है। परंतु इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नई योजना को उन चुनौतियों से भी पार पाना होगा जो छतों पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाने के क्षेत्र में आरंभ से ही देखने को मिल रही हैं। सूर्योदय योजना पिछले लगभग पंद्रह वर्ष में अब तक घोषित चौथी ऐसी योजना है जो छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने से संबंधित है। 2010 में सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू नेशनल सोलर मिशन की स्थापना की गई थी। वर्ष 2015 में एक अन्य योजना की घोषणा की गई ताकि आम परिवारों तथा बिजली वितरण कंपनियों को ऐसी परियोजनाओं को लेकर प्रोत्साहित किया जा सके। सरकार ने 2017 में सोलर ट्रांसफिगरेशन ऑफ इंडिया (सृष्टि) योजना की शुरुआत की। इसका इरादा वित्तीय प्रोत्साहन की मदद से रूफटॉप सोलर योजनाओं के लिए वितरण कंपनियों को नोडल एजेंसी के रूप में मजबूती प्रदान करना था। यह योजना कितने सिरे चढी और क्या कारण रहे कि लक्ष्य तक नहीं पहुंची यह अलग विषय है। ग्रिड से संबद्ध रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 40 गीगावॉट के लक्ष्य के बजाय केवल 11 गीगावॉट तक पहुंची है। यह लक्ष्य भी आगे बढ़ाकर 2026 तक कर दिया गया है। रूफटॉप सोलर सिस्टम को बड़े पैमाने पर अपनाए जाने की राह में तीन ब?ी बाधाएं मुख्य रूप से चिन्हित की गई हैं। इनमें शामिल हैं- जागरूकता की कमी, ऊंची लागत और वित्तीय विकल्पों की कम उपलब्धता तथा वितरण कंपनियों की ऐसी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के प्रति अनिच्छा। ऐसे में सूर्योदय योजना की सफलता के लिए लोगों को इसके लाभ के बारे में यकीन दिलाना होगा। परंतु ऐसा करने के लिए पहले कई सफल योजनाओं का उदाहरण पेश करना होगा। मसलन लागत की बात करें तो छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की लागत 2.2 लाख रुपये से 3.5 लाख रुपये तक आ सकती है। केवल अमीर और उच्च मध्य वर्ग के लोग ही कुछ हद तक वित्तीय विकल्पों तक पहुंच बना सकते हैं क्योंकि अधिकांश भारतीय परिवार कम खपत वाले दायरे में आते हैं। ऐसे लोगों के लिए रूफटॉप सोलर सिस्टम तभी कारगर साबित हो सकता है जब उन्हें भारी भरकम सब्सिडी प्रदान की जाए। बिजली वितरण कंपनियों की अनिच्छा में भी इस वित्त की अहम भूमिका है। बावजूद सूर्योदय योजना पहली ऐसी योजना है जिसमें उत्पादित बिजली के बजाय परिवारों की संख्या का लक्ष्य तय किया गया है कुल आंकड़ा महत्त्वाकांक्षी प्रतीत होता है लेकिन क्षेत्र में बहुत अधिक संभावनाएं हैं।*

## निशाना

**बदल रही तस्वीर!**



– कृष्णेन्द्र राय

*संगठन में इनके लगता।*
*आ रही दरार।।*
*फिर भी होगा देखना।*
*कौन पहनता हार।।*
*धीरे धीरे शायद।*
*बदल रही तस्वीर।।*
*खबर रही है उड़।*
*हैं सारे ही वीर।।*
*हारते ना हिम्मत हैं।*
*ना खुले बस पोल।।*
*एक दूसरे को भले।*
*रहें घुमाते गोल।।*
*शानदार अंदाज़ है।*
*पर अंदर कोहराम।।*
*रुक रुक कर कभी कभी।*
*है आता पैग़ाम।।*

## आज का इतिहास

- **1561 :** मुगल सेना के सेनापति बैरम खां की गुजरात के पाटन में हत्या।
- **1747 :** लन्दन लॉक हॉस्पिटल में पहली बार बेंगलिया रोग क्लिनिक खोला गया।
- **1801 :** जॉन मार्शल को संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।1814 : गेरवासिओ एंटोनियो डे पोसडास अर्जेन्टीना के मुख्य निदेशक चुना गया।
- **1850 :** चीन में ताए पींगहा नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ। ताए पींगहा चीनी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ जनता का संकल्प होता है।
- **1897 :** कजेकोस्लाव ट्रेड यूनियन एसोसिएशन प्राग में स्थापित किया गया।
- **1893:**'कोका कोला' ट्रेडमार्क का अमेरिका में पहली बार पेटेंट किया गया।
- **1915 :** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने रूस के खिलाफ जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- **1946 :** तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर युगोस्लाविया का छह देशों में विघटन (सर्बिया, मोंटेनेग्रो, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, मैसेडोनिया) हुआ।1951 : संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतिम संकीर्ण गेज पैसेंजर ट्रेन ''सैन जुआन एक्सप्रेस'' सेवा समाप्त की गयी।
- **1953 :** आईरिश समुद्र में नौका दुर्घटना में 130 यात्रियों और नाविकों की मौत हुई। ब्रितानी नौका प्रिंसेज़ विक्टोरिया उत्तरी आयरलैंड जा रही थी जब ये दुर्घटना घटी।
- **1958 :** पहले अमेरिकी उपग्रह एक्सप्लोरर-ढ्ढ को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया।1961- बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का निधन।
- **1963 :** मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया।
- **1966:** सोवियत संघ ने मानवरहित लूना-9 स्पेस क्राफ्ट की लॉन्चिग की।
- **1971 :** पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद फिर से टेलीफोन सेवा स्थापित की गयी।

# नए भारत के निर्माण में सहायक होंगे तीनों विधान

**विक्रम सिंह**

**भारतीय गणतंत्र में विचारों के आदान-प्रदान का खास महत्व है। यही प्रक्रिया नए कानूनों के निर्माण में भी अपनाई गई। पुराने कानूनों में बदलावों को प्रस्तावित करने वाली संसदीय समिति ने व्यापक भ्रमण, विचार-विमर्श, मंथन बैठकों आदि के माध्यम से सामाजिक परिवेश में जो अनिवार्यता थी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर जो दिशा निर्देश दिए थे, उन सभी का समावेश इन तीनों नए कानून में किया है।**




लोगत वर्ष दिसंबर में संसद में तीन नए कानूनों का पारित होना और राष्ट्रपति द्वारा उन्हें अनुमोदित किया जाना, एक ऐतिहासिक अवसर था, जिसकी पूरे गणतंत्र को प्रतीक्षा थी। नए गणतांत्रिक बदलावों के तहत, 1860 में बनी आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बनी सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम दिए गए हैं। लेकिन इन बदलावों को समझने के लिए पुराने कानूनों के इतिहास को देखना जरूरी है। 1857 में भारत की स्वाधीनता के पहले संघर्ष के उपरांत इन कानूनों की नींव रखी गई थी, जिनका मौलिक उद्देश्य था कि ब्रिटेन की सामंती प्राथमिकताओं को पूरी तरह से सुदृढ़ करते हुए उसके साम्राज्यवादी हितों की पूरी तरह सुरक्षा की जाए, इसीलिए ये तीनों कानून अपने मौलिक रूप में जन विरोधी भी कहे जाते थे। इन कानूनों का न केवल मौलिक स्वरूप परिवर्तित किया गया है, अपितु सामान्य जन को केंद्र में रखते हुए समाज के दुर्बल वर्गों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन कानूनों को नए रूप में नए नाम के साथ गौरवशाली राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

भारतीय गणतंत्र में विचारों के आदान-प्रदान का खास महत्व है। यही प्रक्रिया नए कानूनों के निर्माण में भी अपनाई गई। पुराने कानूनों में बदलावों को प्रस्तावित करने वाली संसदीय समिति ने व्यापक भ्रमण, विचार-विमर्श, मंथन बैठकों आदि के माध्यम से सामाजिक परिवेश में जो अनिवार्यता थी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर जो दिशा निर्देश दिए थे, उन सभी का समावेश इन तीनों नए कानून में किया है। देश भर के विधि व अन्य विश्वविद्यालयों, विद्यार्थियों, महिला संगठनों, मानवाधिकार संगठनों, अधिवक्ताओं और फॉरेंसिक विज्ञान के विशेषज्ञों के साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श और व्यावहारिकता को दृष्टिगत रखकर चरणबद्ध बैठकें हुईं। समाज के प्रत्येक वर्ग के विचारों एवं परामर्श पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया और जन अपेक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए इन तीनों नए कानून में क्रांतिकारी परिवर्तन किए गए हैं। उग्र भीड़ द्वारा सामूहिक रूप से की जाने वाली हत्या यानी मॉब-लिंचिंग को अब अपराध की श्रेणी में रखा गया है और कठोरतम दंड (मृत्यदंड) प्रस्तावित किया गया है।

न्याय संहिता में राजद्रोह और देशद्रोह में फर्क स्पष्ट किया गया है, जहां राजद्रोह अब दंडनीय अपराध नहीं है, परंतु देशद्रोह दंडनीय अपराध होने के साथ-साथ इसके लिए सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान रखा गया है। विवाह का लालच देकर धोखे एवं छल से किसी महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाना अथवा उसका यौन शोषण करने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास के दंड का प्रावधान किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में भी बदले हुए परिवेश और तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न प्रकार की तकनीक का प्रयोग किया गया है जैसे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, अभिलेखों का डिजिटाइजेशन, पीड़िता के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग आदि अनिवार्य कर दी गई है, जिससे कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न हो सके।

सीआरपीसी की धारा 41ए के स्थान पर धारा 35 एक अति महत्वपूर्ण धारा है, जिसमें यह व्यवस्था है कि कोई भी गिरफ्तारी बिना वरिष्ठ अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना संभव नहीं हो पाएगी, जिससे थाना स्तर पर आए दिन हो रहे अधिकारों को दुरुपयोग पर नियंत्रण हो सकेगा। प्रथम सूचना पंजीकृत करना एक अत्यंत दुष्कर कार्य है, जिसके बारे में सामान्य जनता पीड़ित दिखाई पड़ती है। दया याचिका में भी बड़े बदलाव किए गए हैं, जिसके अनुसार, राष्ट्रपति के समक्ष 60 दिन में और राज्यपाल के समक्ष 30 दिन में याचिका प्रस्तुत हो जानी चाहिए और राष्ट्रपति के निर्णय के उपरांत वह निर्णय किसी भी न्यायालय के कार्य क्षेत्र में नहीं आएगा।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम को सुदृढ़ करते हुए पुराने अधिनियम की 23 धाराओं को संशोधित किया गया है और 170 धाराओं में वर्तमान कानून को शुद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है। ये तीनों नए कानून किसी क्रांति से कम नहीं है और इस गणतंत्र दिवस पर देश के जन-जन को एक अमूल्य वरदान की तरह हैं। इससे समाज के दुर्बल वर्ग को तो राहत मिलेगी ही, अपितु जो सामंती प्राथमिकताओं को प्रशस्त करने वाले कानून थे, उन्हें समाप्त कर सुदृढ़ कानून व्यवस्था के जरिये एक नए भारत के निर्माण में भी सहायक होंगे।

**साभार:** लेखक के अपने विचार हैं..

# सिर्फ मोदी को ही 'नरेटिव फिक्स' करना आता है

**राजीव खंडेलवाल**

देश के ही नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में 22 जनवरी ऐतिहासिक रूप से अमिट रूप से लिख दिया गया है, जो भविष्य में एक नए ''काल चक्र'' के रूप में राष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा, इसमें किसी को भी संदेह होना नहीं चाहिए। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए यदि किसी एक व्यक्ति को ही श्रेय दिया जाना हो तो, निसंदेह, बेशक वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही है, जिनकी कार्य योजना को पढ़ना, समझना, समयपूर्व आकलन, महसूस करना एक सामान्य व्यक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि विशिष्ट व्यक्तियों के लिए भी एक बमुश्किल कार्य होता है। धरातल पर कार्य योजना उतरने के बाद ही लोग उन योजनाओं से रूबरू होते हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बिना किसी संदेह के इस बात को भी प्रतिष्ठित और सिद्ध कर दिया है कि ''नरेटिव एवं परसेप्शन'' अर्थात राजनीति की ''दिशा'', ''दशा'' और ''धारणा'' ''अवधारणा'' तय करने में विपरीत परिस्थितियों में भी नरेन्द्र मोदी का कोई मुकाबला ही नहीं है। कैसे ! आइये ! आगे इसे देखते- समझते हैं।

1. ''धर्म' को देश के 'विकास' से जोड़ने का यह अब तक का सबसे बड़ा पहला सफल प्रयास है, जो देश की जीडीपी की बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण योगदान देगा, ऐसा आकलन आर्थिक पंडितों द्वारा किया जा रहा है। यह तथ्य इस बात से भी सिद्ध होता है कि इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर लगभग सवा लाख करोड़ रू. का व्यापार हुआ। ''जहां सुमति तहँ संपति नाना''। लगभग तीस हजार करोड़ से अधिक का निवेश होने की संभावनाएं भी बतलाई जा रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात भगवान श्री रामलला व भव्य व अभिभूत कर देने वाले भगवान श्री राम मंदिर के दर्शन के लिए भारी भरकम रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ कर आ रही है, विशालतम स्तर पर देश में भंडारे हुए। इन सब बातों से भी उक्त बातें सिद्ध होती दिखती है।

2. अधिकतर निमंत्रित विपक्षी नेताओं के तथाकथित ''कारण सहित'' न आने पर उन्हें भगवान श्री राम का विरोधी तक सफलतापूर्वक ठहरा दिया गया, जबकि अनेक निमंत्रित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ''अकारण'' (कोई कारण बताये बिना) न आने का कोई संज्ञान मीडिया अथवा विपक्षी पार्टियों द्वारा गंभीर रूप से नहीं लिया गया। अर्थात उन्हें भगवान श्री राम विरोधी नहीं कहा गया, जो एक विपरीत नरेटिव बन सकता था। जबकि 48 घंटे के पूर्व तक अधिकतरों के आने का सुनिश्चित कार्यक्रम था। इस प्रकार इस मुद्दे पर भी मोदी अपने विपक्षों पर भारी पड़ गए और अपना नरेटिव व परसेप्शन बनाने में सफल रहे।

3. 22 जनवरी को मंदिर पूर्ण निर्मित न होने के कारण, सही मुहूर्त न होने से भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का गलत ठहराकर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महत्वपूर्ण निमंत्रित नेताओं के व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति नहीं हुए। उनमें से अधिकतरों ने उसी दिन 22 जनवरी को देश के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर अपनी फोटो शेयर की व ट्वीट किया। इस प्रकार ''अनजाने'' में ही अथवा ''धार्मिक वातावरण के बने दबाव'' के चलते उन्होंने जनता को यह दिखाना उचित समझा कि उन्होंने भी इस अवसर पर ईश्वर पूजा की है व वे राम भगवान भक्त है। लेकिन ''चना कूदे तो कितना कूदे, ज्यादा से ज्यादा कड़ाही से बाहर''। नरेन्द्र मोदी की ''नरेटिव फिक्स'' व परसेप्शन बनाने की इसी कला के चलते अनजाने में ही सही, विपक्षी नेतागण अपने अधैर्य के कारण उसमें फंसते चले गये। ''चबा कर खाते तो हलड़ में नहीं फंसता''। विपक्षी नेताओं की दुविधा, अनिर्णय व असमंजस की स्थिति होने के कारण मोदी की यह कारगर नीति उक्त नरेटिव फिक्स करने में सफल रही।

4. लगभग 500 से अधिक वर्षों से जो आंदोलन चल रहा था, वह राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का था। वर्ष 1949 में जब पहली बार मूर्तियां रखी गई अथवा प्रकट हुई, तब से वहां पूजा प्रारंभ हुई। इसके पूर्व रामलला का ''विग्रह'' स्थापित था अथवा नहीं, इसका इतिहास ज्ञात नहीं है। वर्ष 1949 के बाद जब 6 दिसम्बर 1992 को ढांचा तोड़ा गया, तब वहां स्थापित मूर्ति हट गई और तुरंत अयोध्या के राजा के घर से रामलला की मूर्ति लाकर रखी गई, ऐसा 4 गोली खाये अयोध्या निवासी कारसेवक संतोष दुबे ने दावा किया। तब से उसी रामलला की ही पूजा की जाती रही है। लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा से प्रारंभ राम जन्मभूमि निर्माण आंदोलन से लेकर भव्य मंदिर निर्माण तक किसी की भी यह मांग कभी भी नहीं रही कि ''नई रामलला का विग्रह'' स्थापित किया जाकर उसकी प्राण प्रतिष्ठा की जाए। परंतु नई ''रामलला की विग्रह'' स्थापित कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। आंदोलन जहां रामलला स्थापित थी जो भगवान श्री राम का जन्म स्थल माना जाता है, पर भव्य श्री राम मंदिर निर्माण का था, न कि नई रामलला की विग्रह की स्थापना कर उसकी प्राण प्रतिष्ठा का। इस ''परसेप्शन और नरेशन'' को जिसे मोदी ने ''स्थापित'' किया को ''विस्थापित'' करने में विपक्ष पूर्णतः असफल रहा। इसी को कहते हैं, ''जबरा मारे और रोने भी न दे''।

5. भगवान श्री राम की ''काले पत्थर'' की विग्रह स्थापित की गई, जो कि सामान्यतः दक्षिण में ही काले पत्थर के विग्रह भगवान के रूप में स्थापित होते हैं। जबकि देश में भगवान श्री राम की अधिकतम विग्रह सफेद पत्थर के स्थापित है। स्वयं राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने भगवान श्री राम की तीन मूर्तियां बनाने के आदेश दिए थे, जिसमें से दो मूर्तियां सफेद पत्थरों की संगमरमर की बनकर आयी। काले पत्थर का विग्रह चुनने का कोई कारण नहीं बतलाया गया है। इस नए नरेटिव पर तो शायद किसी का भी ध्यान ही नहीं गया।

6. ''विध्वंस'' कार्य हमेशा ''नकारात्मक'' होता है। इसी कारण से वर्ष 1992 में ''ढांचे'' के विध्वंस किये जाने के पश्चात चार हिन्दी राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश की विधानसभा को भंग कर हुए नये चुनावों में भाजपा हार गई थी (तब मोदी नहीं थे) जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल था, जहां धार्मिक उन्माद सर्वोपरि होकर ढांचा तो?ा गया था। जबकि निर्माण हमेशा ''सकारात्मक'' भाव लिये होता है। शायद इसलिए भगवान श्री राम मंदिर निर्माण से वर्ष 2024 में भाजपा का आक?ा लोकसभा में आक?ा 400 पार करने का अनुमान राजनीतिक पंडितों का है। 1992 में मोदी नहीं थे, 2024 में मोदी है। यही नरेटिव है।

7. जनवरी के महीने में 26 जनवरी व 30 जनवरी के राष्ट्रीय दिवसों के साथ एक और नया राष्ट्रीय दिवस ''काल चक्र'' 22 जनवरी को भविष्य में मनाने का नरेटिव भी तैयार कर लिया गया है।

8. शिवराज सिंह चौहान और राहुल गांधी दोनों एक ही दिन अर्थात 22 जनवरी को; शिवराज सिंह ओरछा जाते हुए ट्रेन में और राहुल गांधी असम के मंदिर में प्रवेश देने से इनकार करने पर वही सामने बाहर बैठकर गीत गा रहे थे रघुपति राघव राजा राम ! मोदी का यह नरेटिव तो बिल्कुल ही नया व छप्पर फाड़ देने वाला था। ''ढंग से करो तो गैंडे को भी गुदगुदी होती है''।

9. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार की राजनीति का नरेटिव तय करने वाला नवीनतम निर्णय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का निर्णय है। ''मास्टर ऑफ मास्टर'' नरेन्द्र मोदी के इस मास्टर स्ट्रोक निर्णय ने एक झटके में ही नीतीश कुमार की अति पिछड़े वर्ग व जातीय जनगणना की राजनीति को आगामी 4 महीनों के भीतर होने वाले लोकसभा चुनाव में ''बोथल कर धराशायी'' कर दिया है।

अंत में ''आस्था और धर्म'' के सहारे जिस राजनीति को ''साधना'' शुरू किया गया, उसी ''राजनीति'' ने आस्था और धर्म को साधना शुरू कर दिया ! मोदी है तो मुमकिन हैं, क्या अभी भी कोई शक की गुंजाइश है?

**साभार:** लेखक के अपने विचार हैं..



# मेहरागांव में राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न, नरसिंहपुर बना विजेता

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय निर्णायक एवं योगाचार्य स्व.विक्रम नामदेव की स्मृति में आयोजन समिति जय माता दी ग्रुप द्वारा विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी राज्य स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन ग्राम मेहरागांव में किया गया। जिसमें प्रदेश की 14 टीमो ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सम्मानीय डॉ सीताशरण शर्मा और ग्राम सरपंच जितेंद्र पटेल द्वारा किया गया। मैचों को निरंतर खेला गया जिसमे विजेता- नरसिहपुर, उपविजेता-RMS इटारसी ओर तीसरे स्थान पर रही BHEL भोपाल टीमो को पुरुस्कार वितरण और बेस्ट अटेकर शहवाज बेस्ट लिफ्टर हेमंत मनवारे ओर बेस्ट ऑलराउंडर सादिक खान को दिया गया। जिला व्हालीबाल संघ के अध्यक्ष भगवती चौरे, जिला व्हालीबाल संघ सचिव आशुतोष शरण तिवारी, उपाध्यक्ष बसारत खान , उपाध्यक्ष हेमंत पटेल , उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सोनू पटेल , अशोक साहू मुकेश चौरे, भवनिष चौरे, कप्तान चौरे ओर अतिथि के रूप में पधारे भारतीय सेना से अश्वनी चौरे, तरुण पटेल रजनीश पटेल,कन्हैया बड़कुर समिति के जीत पटेल, अशोक चौरे , यसवंत पटेल विशाल नामदेव, सुजीत चौरे, दीपक चौरे, राहुल चौरे, नितिन चौरे विजय पटेल, संदीप चौधरी, विशाल पटेल, संदीप चौरे, पमिल पटेल ,सुमित पटेल ,सजीव चौरे, विवेक नामदेव, विनीत चौरे, सतीश चौरे,रंजीत चौरे,हरीश पटेल,गणेश पटेल, रिंकू पटेल, सूरज, रितेश ,अभिषेक पटेल एवम समस्त खिलाड़ी और ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# सौभाग्य से ही अवसर मिलता है दादा दरबार में अपने हाथों से बने टिक्कड़ का भोग लगाना: प्रहलाद पटेल





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल अपने निजी एक दिवसीय दौरे पर नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर नर्मदा तट पर स्थित ग्राम खोकसर पहुंचे वहां पर उन्होंने गौरीशंकर महाराज की समाधि पर पूजा अर्चना कर गौरीशंकर महाराज और भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर जल अभिषेक कर माथा टेका, वहीं अपने हाथों से चूल्हे पर टिक्कड़ बनाकर गौरी शंकर महाराज की समाधि पर भोग लगाया। जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के बीच जमीन पर बैठकर भोजन किया इसके पश्चात आसपास की पंचायतो से आए हुए सरपंचों से पंचायत में कैसे विकास कार्य किया जाए इसको लेकर भी मंत्री सिंह ने चर्चा की इसके पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गौरी शंकर महाराज की समाधि स्थल से मेरा पुराना नाता है मैं जब परिक्रमा के दौरान यहां पर आया था तो मैं इन्हीं से प्रसाद लेकर अपने हाथों से टिक्कड़ बनाकर गौरीशंकर महाराज की समाधि पर भोग लगाया था। मैं अपने आप को बड़ा सौभाग्यशाली मानता हूं कि इस स्थान पर मुझे भोग लगाने का अवसर मिलता है जब भी मेरा मन होता है तो मैं अपने अनुज जालम सिंह के साथ आकर इस अवसर का लाभ लेना नहीं चूकता हूं।

# केसला में प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



**नर्मदापुरम।** विगत दिवस केसला में प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें युवा क्रिकेट क्लब सुखतवा विजेता रहा. प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सुखतवा के शोएब खान रहे। उपविजेता का पुरस्कार केसला 11 टीम ने जीता पुरस्कार वितरण जनपद सदस्य विजय कांवरे पूर्व सरपंच शंभर सिंह रूपेश मालवीय जगदीश बावरिया पंकज उपाध्याय सावन पवार आसिफ खान मुस्ताक खान ने किया इस अवसर पर इस अवसर पर खेल प्रेमी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान करें

# नर्मदा जयंती की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाए:कलेक्टर

### सिंचाई संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। समय सीमा में की बैठक आयोजित।

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सभी जिला



अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, सहकारिता, जनजाति कार्य विभाग को सीएम हेल्पलाइन में कम प्रगति के लिए निर्देशित किया है की अगले एक सप्ताह तक अपने समस्त लंबित सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करें और अपने-अपने विभागों की सीएम हेल्पलाइन में श्रेणी सुधार के लिए कार्य करें। उन्होंने बैठक में समय सीमा के प्रकरणों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। पिछले सप्ताह के समयसीमा के प्रकरणों की वस्तुस्थिति देख समस्त लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर सुश्री मीना ने जनसुनवाई के समस्त प्रकरणों की समीक्षा की एवं समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि 365 दिन से ऊपर के कोई भी प्रकरण लंबित न रहे, यह सुनिश्चित करें। एक सप्ताह के अंदर लंबित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही कर उनका निराकरण करें।सिंचाई व्यवस्था को लेकर प्राप्त शिकायतों के संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से ऐसी शिकायतों की समीक्षा करें। सिंचाई विभाग से समन्वय कर वस्तु स्थिति को जानकर शिकायतों का निराकरण करने की दिशा में कार्य करें।

इसी के साथ लाउडस्पीकर के उपयोग के संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार कार्यवाही करें। सभी से प्रमुखता से नियम का पालन करवाना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के गार्डन संचालकों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें नियम के बारे में जानकारी दें और नियम न मानने की दशा में संबंधित के विरुद्ध चालान और जब्ती की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने बैठक में नर्मदा जयंती की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की ओर सीएमओ नर्मदापुरम और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नर्मदा जयंती की समस्त तैयारी समय पर पूर्ण की जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभाग के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत रखते हुये जिले को प्राप्त ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी का कार्य जिले के तवा भवन परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस में सोमवार से प्रारंभ हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी मीना और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एफएलसी प्रक्रिया शुरू की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह , कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कुबेर सिंह मिर्धा, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे , नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर, पंकज दुबे सहित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ईव्हीएम वेयरहाउस को नियत तिथि से प्रतिदिन समय प्रात: 09-00 बजे से शाम 07-00 बजे तक (अवकाश सहित दिवसों में खोला जाकर जिले को प्राप्त ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी की कार्यवाही की जाएगी। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा आपके अधिकृत प्रतिनिधि एफएलसी कार्य के समय निर्धारित समय व स्थान तवा भवन स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस पर प्रतिदिन वेयरहाउस खोलने, मशीनों की स्रष्ट कार्य की कार्यवाही के अवलोकन एवं वेयरहाउस बंद किये जाने के समय उपस्थित होने का कष्ट करें। ईव्हीएम-वेयरहाउस के अंदर केवल एक बार में दो सदस्य ही उपस्थित रह सकेंगे।

# कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान के कार्यो की समीक्षा

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के उपरांत राजस्व महाअभियान के कार्यो का भी जायजा लिया है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समस्त एसडीएमो को निर्देशित किया है कि राजस्व महा अभियान के कार्यो में विदिशा जिला पिछडे ना का पूरा ध्यान रखते हुए राजस्व कार्यो का संपादन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने हेतु राजस्व महा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान राजस्व अभिलेख मे सुधार, प्रकरण हेतु आवश्यवक दस्तावेज एवं रिपोर्ट देने का कार्य, आधार से ई केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंक की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाएगा ।

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने विदिशा जिले में राजस्व महा अभियान की निहित बिंदुओं का शत् प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराते हुए आवदेकों को परेशानी राजस्व कार्यो के संपादन कराने में न जाएं । कलेक्टर श्री भार्गव द्वारा ततसंबंध में जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन राजस्व अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में अभियान के तहत अभिलेख सुधार नक्शा सुधार सीमांकन नामांतरण बंटवारा तथा अन्य आवेदनों , ईकेवायसी , डीबीटी के नये पंजीयनों , अपात्र हितग्राहियों की जानकारी दी गई है।

## चार स्थलों पर विद्युत उपकेन्द्रों हेतु भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के चार स्थलों पर नवीन पांच एमडीए विद्युत केन्द्र स्थापित किए जाने है इन केन्द्रो के लिए आवश्यक शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही शीघ्र संपादित की जाए।

कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के चार गांव इमलानी, पगरानी, गरेठा एवं चंदाढाना में विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किए जाने है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को भी ततसंबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए स्थानीय एसडीएम से भूमि आवंटन संबधी कार्य की कार्यवाही कर अवगत कराने हेतु ताकिद किया है।

# बोर्ड परीक्षाओं में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई, परीक्षा कार्य पूरी निष्पक्षता व निडर होकर निर्वाहन करें: कलेक्टर

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित कार्यो का भी जायजा लिया। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना सुनिश्चित हो।

कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार की त्रुटियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी से भी वे भली-भांति अवगत हो उन्होंने कहा कि पूरी तरह सजग, सतर्क व मुस्तैद रहकर परीक्षा संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। बोर्ड परीक्षाओं में जरा सी भी लापरवाही व ढिलाई सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता गठित किए गए हैं। पुलिस थाने से लेकर परीक्षा केन्द्र तक कड़ी निगरानी में प्रश्न-पत्र के बॉक्स ले जाए जाएँ। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं 12वीं की 5 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंध में केंद्र अध्यक्ष सहायक केंद्र अध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान जिस परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र अध्यक्ष व सहायक केन्द्र अध्यक्ष या निगरानी के लिये तैनात किसी अधिकारी, कर्मचारी की लापरवाही सामने आए तो उसके खिलाफसक्षम अधिकारी के माध्यम से तत्काल निलंबन की कार्रवाई कराएँ। जिले के ऐसे परीक्षा केन्द्रों की सूची भी जिला शिक्षा अधिकारी से मांगी है जहाँ परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे या बहुत खराब रहे हैं। ऐसे केन्द्रों की विशेष निगरानी रखने पर उन्होंने जोर दिया। साथ ही कहा कि पिछली साल के अनुभवों को ध्यान में रखकर इस साल नकल रहित परीक्षाओं के लिये पुख्ता व्यवस्था करें।

**मेट्रो एंकर** | शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनजाति विभाग आदि की समीक्षा बैठक संपन्न

# परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग, डाइट एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को समय पर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए संबंधित बीईओ को निर्देशित किया है। इसी के साथ ब्लॉक स्तर पर परीक्षा प्रक्रिया संबंधी समस्त तैयारियां भी पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा है कि समस्त बीईओ अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर परीक्षा केन्द्रों पर पानी, शौचालय एवं छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था आदि संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। समस्त पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा से संबंधित समस्त प्रबंध सुनिश्चित करें। इसी के साथ परीक्षा अवधि के लिए निरीक्षण दल का गठन हर ब्लॉक स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करें, जिसमें बीईओ/बीआरसी या शिक्षा विभाग



से संबंधित कोई भी एक अधिकारी दल में रखना सुनिश्चित करें। यू डाइस पोर्टल पर ब्लॉकवार, जितने भी स्कूल शेष है उनके बच्चों की संख्या एवं उनकी प्रोफाइल अपडेशन और निर्माण की व्यवस्था का कार्य समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण करें। यह निर्देश यू डाइस प्रभारी को कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा दिए गए।

### गणवेश वितरण का कार्य तेजी और सुचारू रूप से किया जाए

कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा निपुण भारत के अंतर्गत शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए किए गए कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही समस्त बीईओ/ बीआरसी/ आदि को यह सुझाव दिया है कि जो भी शिक्षक या प्राचार्य इस संबंध में अच्छा कार्य कर रहे है उनके साथ समन्वय कर इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएं। ताकि 19 फरवरी को अनुमानित सर्वे के दौरान जिले की स्थिति में सुधार आए एवं तय लक्ष्य प्राप्त हो सके। इसके लिए अगर जरूरत हो तो बीआरसी शिक्षकों के साथ विशेष सत्र आयोजित करें।10वीं 12वीं के पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया है कि प्रयास करें कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षा परिणाम और बेहतर रहें। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं वितरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करें। इसी के साथ तकनीकी शिक्षा, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में छात्रों के प्रवेश के लिए छात्रों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक करें। गणवेश वितरण के संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि गणवेश वितरण का कार्य तेजी और सुचारू रूप से किया जाए। साथ ही कोई भी पात्र हितग्राही गणवेश वितरण से ना चूके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस एस रावत , जिला शिक्षा अधिकारी बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# युवा कांग्रेस ने ज्ञापन देकर, अतिथि शिक्षक भर्ती में घोटाले का लगाया आरोप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
सोमवार को युवा काँग्रेस ने अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए कहा कि विकासखंड मैं अतिथि शिक्षक रखने के नाम पर बड़ा गोलमाल किया गया है । कई जगह तो स्कूल प्रभारी ने अपने चाहेतों को रखकर कागजों में उनकी वेतन निकालने का काम किया जाए इस वजह से शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। वैसे ही अधिकांश शिक्षक नियमित रूप से स्कूलों में अध्यापन नहीं करवाते हैं ।



अतिथि शिक्षक रखकर व्यवस्था को और चौपट किया जा रहा है। जिन लोगों ने गड़बड़ी करके अतिथि शिक्षक रखकर उनके नाम पर गोलमाल किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। नहीं तो यूथ कांग्रेस बड़ा आंदोलन करें जिसकी सम्मत जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी शिक्षा के नाम पर भी घोटालेबाजी की जा रही है बच्चों को भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कई स्कूलों में प्रभारियों द्वारा अपने परिजनों को अतिथि स्कूलों में नियुक्त कर शासन से हर माह कागजों में उपस्थिति डालकर वेतन निकाल रहे है । उक्त अतिथि शिक्षक निर्धारित योग्यता धारी नहीं होने के साथ शाला में जाते नहीं है। केवल कागजों में नाम चल रहा है इस वजह से योग्यता धारी रोजगार पाने के लिए दादर की ठोकने का रहे हैं फर्जी लोग अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करके शासन को चूना लगाने का काम जरूर विकासखंड में हो रहा है। युवा कांग्रेस ने मांग करती है कि शीघ्र अति अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जांच कर दोषी शिक्षकों को तत्काल निलबिंत किया जाए। साथ ही जिन शाल स्कूल प्रभारियों के परिजनों ने अतिथि शिक्षक के नाम पर शासन से वेतन लिया है उसकी वसूली कर तत्काल उन्हें हटाकर योग्यता धारियों को अतिथि शिक्षक नियुक्त किए जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ब्राइट पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव



**सिरोंज।** पामाखेड़ी चौराहा स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें देशभक्ति के साथ कई राज्यों गानों पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य किया एवं वृक्ष नहीं काटने एवं मोबाइल एडिक्शन लेख को लेकर नाटक के माध्यम से संदेश दिया एवं खेल में जिला स्तर एवं संभाग तक खेलने गए बच्चों को भी अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया! इस दौरान शहर के पत्रकारों का सम्मान समारोह भी रखा गया इसमें भारी संख्या में बच्चों के पालक गण मौजूद रहे! ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने अपने विद्यालय की विशेषताएं बताते हुए अभिभावकों को बच्चों के भविष्य के लिए कई विशेष बातें बताई जिससे कई क्षेत्रों में बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं और अंत में सभी शिक्षकों ने राष्ट्रीय गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# जल संकट को देखते हुए सफेद बावड़ी की पोकलोन मशीन से सफाई हुई प्रारंभ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**
पानी की किल्लत को देखते हुए नगर पालिका परिषद के द्वारा विधायक के निर्देश पर पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं को बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।प्राचीन कुआं बावडियो की साफ सफाई कराकर उनको संरक्षित करवाया जा रहा है। जिससे कि इनका उपयोग आने वाले समय में पानी की आपूर्ति में किया जा सके । इसी क्रम में नगर पालिका परिषद के द्वारा अयोध्या बस्ती में स्थित सफेद बावड़ी की बड़ी पोकलेन मशीन से साफ सफाई करवाना प्रारंभ कर दिया है साथ इसका गहरीकरण भी करवाया जा रहा है जिससे कि इसका उपयोग आने वाले समय में पानी की सप्लाई के लिए किया जा सकेगा इसी तरह अन्य प्राचीन जल स्रोतों की मरम्मत भी नगर पालिका परिषद को समय रहते करवानी चाहिए दूसरी और पानी की बर्बादी को रोकने के लिए भी धरातल पर कदम उठाने होंगे। साफ सफाई का जायज लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, सीएमओ रामप्रकाश साहू और पार्षदगण पहुंचे।

## चैत्र नवरात्रि मेला महोत्सव तैयारियों को लेकर महामाई मंदिर समिति की हुई बैठक

# धर्म आस्था और संस्कृति का संगम, महामाई का मेला: शर्मा





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
डाँग वाली महामाई के दरबार में चैत्र नवरात्रि में आयोजित होने वाले श्री दुर्गा शतचंडी महायज्ञ एवं पंद्रह दिवसीय मेले के आयोजन को लेकर महामाई सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित आचार्य नलिनी कांत शर्मा के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुई बैठक में महामाई मंदिर परिसर में होने वाले आयोजनों ओर उसमे लगने वाली स्थानीय प्रशासन के सहयोग से होने वाली विभागवार व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा भी मौजूद रहे।

चैत्र नवरात्रि में लगने वाला महामाई के मेले में इस बार राम राज्योत्सव एवं ऋषि परंपरा, एवं वैज्ञानिक परंपरा की प्रदर्शनी युक्त थीम की रहेगी। गुड़ीपडमा से दशहरे तक महामाई के मेले में प्रतिदिन आने वाले एवं भजन संध्या तथा यज्ञ पूर्णाहुति,रामलीला में राम राज्योत्सव में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा का सामान न करना पड़े तथा फाग एवं लोकोत्सव धूमधाम से मनाएँ जाए इस हेतु समीक्षा करते हुए महामाई सेवा समिति के सदस्य व विधायक उमाकान्त शर्मा ने व्यवस्थाओं का वितरण किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला मध्यप्रदेश मेला प्राधिकरण के अन्तर्गत आने वाला प्रसिद्ध मेला है। सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के सहयोग से यह भव्य एवं दिव्य आयोजन मातारानी की कृपा से प्रतिवर्ष आयोजित होता है। मैया के दरबार में आयोजित होने वाले भंडारे एवं व्यवस्थाओं में हजारों लोग सहयोग करते है। महामाई का यह मेला धर्म आस्था और संस्कृति का संगम है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए इस मेले तीर्थ को ओर विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान पुजारी नलिनीकांत शर्मा ने कहा कि आप सबके सहयोग से चैत्र नवरात्रि में माँ महामाई के दरबार में लोक कल्याण के लिए आयोजित होने वाले अनुष्ठान श्री दुर्गा शतचंडी महायज्ञ एवं मेला आप सभी सदस्यों एवं क्षेत्र के जन जन के सहयोग से बड़े आनंद धूमधाम से मनाया जाता है। मेरा इस स्थान पर 65 वर्ष का अनुभव है मेरे ताऊजी सूरज प्रसाद शर्मा के सानिध्य में मैने यहाँ तप जप अनुष्ठान में पारंगत होकर कर्म कांड प्रारम्भ किया। माई वास्तव में बहुत शक्ति और चेतना देती है। पूर्वजों का मानना है मातारानी रात्रि से सुबह तक शहर का भृमण करती है और सुबह चार बजे मन्दिर में प्रवेश करती है। तब ही यहाँ सुबह की आरती हम सब करते है। शेरों के यहाँ प्रत्यक्ष प्रमाण हमने ओर पूर्वजो ने यहाँ देखे है। महामाई के दरबार मे हरवर्ष मेला ओर भव्यता से लगता रहे ऐसी मेरी कामना है। आप सबका सहयोग एक मैया के सेवादार के नाते सदैव मिलता रहा है इस बार के लिए आप अभी से तैयारियों में जुट जाएं। बैठक को समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश यादव ने भी सम्बोधित किया एवं आभार ओमप्रकाश दुबे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश तिवारी, सीएमओ रामप्रकाश साहू, बिजली वितरण कंपनी डी राजू भभौरा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ, अरविंद पाठक नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सहित सभी विभागों के आला अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक को समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश यादव ने भी सम्बोधित किया एवं आभार ओमप्रकाश दुबे ने व्यक्त किया।

### फोर लोन सड़क का हो रहा निर्माण

महामाई के दरबार तक आने-जाने में होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए पर फोर लोन सड़क का निर्माण भी विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे कि श्रद्धालुओं को मेल के दौरान ट्रैफिक की समस्या का सामना करना ना पड़े उसके लिए सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है यदि मेले से पहले पूर्ण हो जाएगा तो।

# सरदार पटेल की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग, कुर्मी क्षत्रिय समाज ने दिया ज्ञापन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**
उज्जैन में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को आसमाजिकतत्व के लोगों ने तोड़ दिया है। इसके विरोध में सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए कुर्मी समाज ने रोष व्यक्त करते हुए प्रतिमा को तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि आजादी के अमृत काल में सरदार पटेल जी की प्रतिमा को मुख्यमंत्री के गृह जिले में तोड़ दी गई। 25 जनवरी को उज्जैन के माकड़ोन में कुछ असामाजिक तत्वों ने इस निंदनीय काम को अंजाम दिया था। कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मांग की गई है कि घटना के दोषियों के घर पर बुलडोजर चलाना चाहिय ओर घटना में उपयोग किये गए ट्रैक्टर को राजसात किया जाय। साथ ही मांग की गई है कि महापुरुषों के अपमान को लेकर कड़े कानून बनाना चाहिये ताकि असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाई जा सके।

इस दौरान अध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी, दरयाव सिंह कुर्मी, मेहरबान सिंह, लक्ष्मण सिंह कटियार, झार सिंह, ओमप्रकाश, राधारमण, मूलचंद, गजराज, नरेंद्र पाटीदार, सुदर्शन पाटीदार, प्रवेश, राजेश सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

# मेले से मोटरसाइकिल हुई गायब

**सिरोंज।** शहर में इस बार दो स्थानों पर मनोरंजन के लिए मेले का आयोजन हो रहा है जहां पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण दो पहिया वाहन भी चोरी होने लगे हैं रविवार की रात्रि में मेला देखने के लिए आए युवक की मोटरसाइकिल मेले परिसर से चोरी हो गई इसके बाद उसकी खोजबीन कई बहुत दिन किया चुकी है पर उसका कोई पता नहीं चल रहा है। इसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं होने के कारण करण मोटरसाइकिलों को चुराने का काम कर रहे हैं सक्रिय हो गए हैं। पुलिस प्रशासन को सुरक्षा के संबंध में इंतजाम करने चाहिए।

# भोपाल के व्यक्ति की मनसा पूरन मंदिर के नाले में मिली लाश



**सिरोंज।** सोमवार को तहसील रोड स्थित श्री मंशापूर्ण सरकार मंदिर के पास वाले नाले में भोपाल के व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह उसकी पहचान नहीं हो पार ही थी क्योंकि नाले में पड़े होने के कारण उसका चेहरा भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था कीचड़ के कारण फिर पुलिस ने कर्मचारियों की मदद से लाश को नाले में से निकलकर पुलिस ने उसके दस्तावेजों की जांच पड़ताल की उसके बाद उसकी पहचान हुई उसका नाम इंद्रजीत सिंह पिता रामकृष्ण साहू निवासी छोल रोड भोपाल उम्र 48 से 50 साल के बीच में हुई देर शाम तक परिजन लाश को लेने के लिए नहीं पहुंच पाए थे । पुलिस ने बताया कि वह बाहर गए हुए थे पुलिस ने शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में पीएम कराकर मार्ग कामय करके मामले को जांच में लिया है। इससे पहले अस्पताल के स्टोर रूम में भी एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिल चुकी है।

# किड्स मॉम एंड डेड फैशन शो स्पर्धा में सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**सिरोंज।** आयोजित किड्स मॉम एंड डेड फैशन शो आयोजित किया गया जिसमें एल के जी के छात्र मुस्मिर खान पुत्र मोहसिन खान को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया।

**मेट्रो एंकर** | छात्र- छात्रों को दिए परीक्षा में सफल होने के टिप्स

# सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ बैठकर विधायक उमाकांत शर्मा ने सुनी परीक्षा पर चर्चा





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**
सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने वाली परीक्षाओं को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं से परीक्षा पर चर्चा की, जिसका लाइव प्रसारण सीएम राइज विद्यालय में किया गया है जिसमें क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा भी छात्रों के साथ बैठकर पूरे कार्यक्रम को सुना एवं मोदी जी के लाइव भाषण के मुख्य बिंदु को डायरी में नोट करते हुए नजर आए वही इस दौरान उत्कृष्ट के प्राचार्य महेश ताम्रकार, संजीव माथुर के साथ विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### तनाव मुक्त होकर परीक्षा दीजिए

परीक्षा का समय महत्वपूर्ण होता है, लेकिन तनाव मुक्त होकर परीक्षा दीजिए सफलता जरूर मिलती है, लिखने की आदत डालिए आज का समय टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर का समय है इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है उक्त बात विधायक उमाकांत शर्मा ने सीएम राइज विद्यालय में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कहीं वहीं छात्रों के साथ सरल और मधुर अंदाज में चर्चा करने लगे एवं गीत भी गाये वही विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा सी एम राइज की प्राचार्य महेश ताम्रकार, शिक्षक सत्य नारायण शर्मा का शाल उड़ाकर स्वागत किया गया वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों को दिशा और मार्गदर्शन देने वाला होता हैं साथ ही छात्रों को आगामी परीक्षा में सफल होने की बधाई देते हुए कहा कि यदि आप परीक्षा में टॉप करते हैं तो आपके माता-पिता गुरु के साथ नगर को भी गोरवित करते हैं।



### साउथ अफ्रीका व अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेल सके थे तेज गेंदबाज दीपक

# चाहर बोले- मैंने आईपीएल और वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी कर ली है...

**मुंबई, एजेंसी**

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर आईपीएल खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह पिछले दिनों साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेले थे। वह पारिवारिक कारणों से टीम में शामिल नहीं हो सके, उन्होंने कहा कि वह अब फिट हैं और भारत के लिए टी-20 वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं। चाहर ने कहा कि एमएस धोनी अब पूरी तरह फिट हैं और उन्हें 2-3 साल क्रिकेट खेलते रहना चाहिए। चाहर ने भारत के लिए आखिरी टी-20 मुकाबला रायपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला, ये मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया।



## भारत में सीरीज होती तो जरूर खेलते

चाहर ने कहा साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगर टी-20 सीरीज भारत में होती तो मैं जरूर खेलता। तब मैं 4-5 घंटे का सफर कर हॉस्पिटल पहुंच सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका से आने में 2-3 दिन तक लग जाते। मेरे लिए पिता के साथ रहना आसान फैसला था, हर बेटा यही करेगा। मैं हॉस्पिटल में 25 दिन पिता के साथ रहा। हम सभी को उनके साथ रहना ही था। मैं उस समय क्रिकेट से पूरी तरह दूर हो गया। फिटनेस पर काम कर रहा था लेकिन बॉलिंग प्रैक्टिस नहीं कर पाया। मैंने एक महीने से प्रैक्टिस नहीं की, इसलिए अफगानिस्तान सीरीज के लिए भी तैयार नहीं था।

## पिता की देखभाल कर रहे थे चाहर

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर पिछले 2 महीने से अपने पिता की देखभाल कर रहे थे। जिन्हें दिसंबर में ब्रेन-स्ट्रोक आया था। उनके पिता अब पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, लेकिन टीम इंडिया को अब कोई और टी-20 इंटरनेशनल नहीं खेलना है। इसलिए चाहर मार्च में शुरू होने वाले आईचीएलसे ही क्रिकेट में वापसी करेंगे। वह 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स टीम का हिस्सा हैं। दीपक चाहर ने बताया कि मेरे लिए पिता सबसे पहले हैं। मैं यहां तक सिर्फ उनकी वजह से पहुंच पाया हूं। मैंने जो भी अचीव किया, सब उन्हीं के कारण। अगर उनके बुरे समय में मैं उनके साथ नहीं रह सका तो मैं किस तरह का बेटा कहलाऊंगा?

## प्रैक्टिस के बाद पूरी तरह फिट

चाहर बोले, मैंने बेंगलुरु में प्रैक्टिस शुरू की। यहां कुछ दिन रहने के बाद मैं पूरी तरह फिट हो सका। मैंने आईपीएल और वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तरह तैयारी कर ली है। मैं इंजरी के कारण पिछले 2 वर्ल्ड कप नहीं खेल सका, अगर फिट रहता तो जरूर दोनों बार खेल पाता। हर टीम को 7, 8 और 9 नंबर पर बैटिंग करने वाले गेंदबाज की जरूरत होती है। मैंने टीम इंडिया के लिए जरूरत पड़ने पर कई बार रन भी बनाए हैं। इसलिए फिट होने पर स्क्वॉड का हिस्सा जरूर रहता।

## धोनी को और खेलना चाहिए

चाहर ने अपने करियर ग्रोथ का श्रेय पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया। धोनी की कप्तानी में चाहर और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स में खेले हैं। चाहर ने कहा, मैं 2-3 साल बाद उनके साथ कम्फर्टेबल हो सका हूं। धोनी मेरे लिए बड़े भाई की तरह हैं। उन्होंने ही मुझे 2018 के आईपीएल में पूरे 14 मैच खिलाए, तभी मैं टीम इंडिया के लिए भी सिलेक्ट हो सका। वह इंजरी से रिकवर कर चुके हैं और उन्हें 2-3 साल और क्रिकेट खेलना चाहिए। उनके बिना सीएसके में खेलना मुश्किल होगा।

# हार्दिक ने कहा- खेल में वापसी करके मुझे अच्छा लग रहा है



**वडोदरा, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद फुल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें वे वडोदरा में फुल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते दिखे। वे इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते नजर आएंगे। पिछले महीने मुंबई की फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान बनाया था। 30 साल के भारतीय ऑलराउंडर बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप मैच के दौरान पुणे में चोटिल हो गए थे।

## वार्मअप के बाद बॉलिंग और रनिंग करते दिखे पंड्या

हार्दिक ने कहा खेल में वापसी करके मुझे अच्छा लग रहा है। मेरी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। मैं अभ्यास में जितना समय दे सकता हूं, हर दिन उतना दे रहा हूं। वीडियो में पंड्या को बॉलिंग, रनिंग और वॉर्मअप करते देखा गया। पंड्या को चोट के कारण दो हफ्ते अफगानिस्तान के खिलाफ होम टी 20 सीरीज छोड़नी पड़ी। वे नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले के दौरान लगी चोट लगने के बाद से नेशनल टीम से बाहर हैं। वे 15 दिसंबर को गुजरात टाइटंस से एक हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान बनाए। उन्होंने मुंबई के सफलतम रोहित शर्मा को रिप्लेस किया। मुंबई की फ्रेंचाइजी ने कप्तानी के लिए रोहित शर्मा के बाद हार्दिक पंड्या पर भरोसा जताया है। पंड्या ने पहले ही सीजन में गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। गुजरात की टीम 2022 के सीजन में चैंपियन बनी और 2023 में रनरअप रही।



## मेट्रो बाजार

# गूगल के एआई मल्टीमॉडल ल्यूमियर में इमेज वीडियो में कन्वर्ट होगी

**मुंबई, एजेंसी**

अब आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से टेक्स्ट लिखकर सीधे वीडियो बना सकेंगे। इसके लिए गूगल ने अपना लेटेस्ट एआई मल्टीमॉडल ल्यूमियर लॉन्च किया है। गूगल का नया एआई मॉडल एक टेक्स्ट-टू-वीडियो और इमेज-टू-वीडियो मॉडल है। यह रियलिस्टिक और कई तरह के मोशन क्रिएट कर वीडियो बना सकता है। यानी इससे आप टेक्स्ट से सीधे वीडियो तो बना ही सकते हैं, साथ ही इमेज से मोशन वीडियो भी क्रिएट कर सकते हैं। ल्यूमियर में आपको सिर्फ टेक्स्ट या फोटो का इनपुट डालना है और एआई न्यूरल नेटवर्क आपको वीडियो क्रिएट करके दे देगा। यह टूल इमेज को एनिमेट करने और इनपुट इमेज या पेंटिंग के फॉर्मेट में वीडियो बनाने की भी सुविधा देता है। ये मॉडल इमेज और वीडियो में स्पेशल एनिमेशन और पेंटिंग बनाने की भी सुविधा देता है। गूगल का नया ल्यूमियर ट्रेडिशनल वीडियो मॉडल के विपरीत एक स्पेस-टाइम यू-नेट आर्किटेक्चर को अपनाता है, जो एक ही फ्रेम के हिसाब से पूरी वीडियो प्रोड्यूस करता है। इसके विपरीत, मौजूदा द्व वीडियो मॉडल एक समय में दूर के मुख्य फ्रेमों को संश्लेषित करते हैं।



इनोवेशन की ये टेक्नीक अस्थायी सुपर-रिजॉल्यूशन के बाद दूर के कीफ्रेम को सिंथेसाइज्ड करने की जरुरत को खत्म कर देती है। इससे वीडियो में स्टेब्लिटी आसानी से मिल जाती है। गूगल के रिसर्चर्स के अनुसार, टेक्स्ट-टू-वीडियो जनरेशन फ्रेमवर्क को प्री-ट्रेंड टेक्स्ट-टू-इमेज डिफ्यूजन का इस्तेमाल करके पेश किया है।

## रियलमी 12 प्रो 5-जी स्मार्टफोन सीरीज लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चाइनीज टेक कंपनी रियलमी भारत में मिड रेंज सेग्मेंट में रियलमी 12 प्रो 5 जी समार्टफोन सीरीज को लॉन्च कर दिया है। पुणे में हुए लॉन्चिंग इवेंट में कंपनी ने इस स्मार्टफोन सीरीज में दो मॉडल रियलमी 12 प्रो 5 जी और रियलमी 12 प्रो+ 5 जी पेश किए हैं। रियलमी 12 प्रो स्मार्टफोन सीरीज में 120 एक्स सुपरजूम के साथ सोनी का सेंसर और पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस दिया गया है। दोनों ही डिवाइस सबमरीन ब्लू और नेविगेटर बेज कलर में अवेलेबल हैं। रियलमी 12 प्रो 5 जी स्मार्टफोन को कंपनी ने दो स्टोरेज ऑप्शन में बाजार में उतारा है। इसमें 8 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज वैरिएंट शामिल है। वहीं, रियलमी 12 प्रो 5 जी+ को तीन स्टोरेज वैरिएंट में पेश किया गया है। इसमें 8 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज, 12 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज शामिल है।

# चौथी पारी के दहशत में फंसी दिग्गज टीमें



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

28 जनवरी यानी रविवार को विश्व टेस्ट रैंकिंग की दो टॉप टीमें चौथी पारी की दहशत में फंस गई। दरअसल सबसे पहले ब्रिसबेन के गाबा में खेले गए सीरीज के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने एक रोमांचक मुकाबले में वर्ल्ड टेस्ट रैंकिंग नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को 8 रनों से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया टीम की अब तक खेले गए 12 पिंक बॉल टेस्ट में यह पहली हार है। टेस्ट मैच की चौथी पारी में मात्र 216 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में घरेलू टीम नाकाम रही। वेस्टइंडीज के घायल युवा तेज गेंदबाज शमार जोसेफ के सत्ते यानी 7 विकेटों ने कंगारू टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने करीब 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर टेस्ट मैच जीतते हुए इतिहास रच दिया है। वहीं इसी दिन टेस्ट रैंकिंग की नंबर 2 यानी टीम इंडिया को भी इंग्लैंड टीम से अपने घरेलू मैदान पर 28 रनों से मुंहकी खानी पडी। हैदराबाद में खेल गया यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।पहली पारी में 190 रनों की बढ़त के बाद टीम इंडिया की शिकस्त भी ऐतिहासिक रही,इसके पहले टीम इंडिया कभी भी इतनी बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू टेस्ट मैच में नही हारी थी।अगर हम टॉप टेस्ट रैंकिंग की दोनों टीमों की घरेलू मैदानों पर मिली शिकस्त पर गौर करें,तो फिर एक बात साफ है कि दोनो ही टीमें चौथी पारी की दहशत में बिखरी हैं। गौरतलब है कि टॉस जीतकर मेहमान टीमों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टीमो को चौथी पारी खेलने की चुनौती दी थी,जिसके बाद टेस्ट रैंकिंग की 2 टॉप टीमें अपने घरेलू मैदान दवाब नहीं झेल सकीं। वरना जिस तरह का बैटिंग आर्डर इन टीमों के पास था,उससे यह लक्ष्य पाना मुश्किल नजर नहीं आ रहा था। 2 मैचों की ऑस्ट्रेलिया -वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज भले ही 1-1 की बराबरी पर खतम हो गई है,लेकिन भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में अभी भी बेहद रोमांचक रहने वाली है।एक ओर जहां टीम इंडिया के खिलाड़ियों परसीरीज में वापसी करने का रहेगा। वहीं पिच क्यूरेटर पर भी घरेलू टीम के लिए फायदेमंद पिच तैयार करने का अतिरिक्त दवाब आने वाले मैचों में रहेगा। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि पिच सपाट मिलती है या फिर फिरकी मददगार पिच ही तैयार की जाती हैं। वैसे अगर हैदराबाद के मैदान पर भारतीय फिरकी निर्णायक बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजों की सफल पैंतरेबाजी( रिवर्स स्वीप,स्कूप) से पार पा लेते,तो फिर मैच उस दौर में नहीं पहुंच पाता जहां से मेहमान टीम ने मैच में वापसी कर ली।वैसे भी भारतीय सरजमीं पर टॉस के मायने तभी सार्थक होते हैं जब टेस्ट मैच चौथे या पांचवें दिन तक चलता है। खबर क्रिकेट के खेल में अगर मगर की कोई अहमियत नहीं होती है और एकमात्र सच यही है कि टेस्ट मैचों में अपने अलग अंदाज की क्रिकेट के बदौलत इंग्लैंड टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अब यह देखना रोचक रहेगा कि टीम इंडिया यहां से वापसी किस अंदाज से करती है।

# कुश्ती खिलाड़ी राठौर व नंदनी ने जीता कांस्य पदक

### मंत्री सारंग ने दी बधाई



**भोपाल, एजेंसी**

खेलो इंण्डिया यूथ गेम्स 2023 तमिलनाडू में मध्यप्रदेश के कुश्ती बालक वर्ग में महेश राठौर ने 71 किग्रा. फ्री स्टाइल स्पर्धा में 1 कांस्य पदक और बालिका वर्ग में नंदनी वर्मा ने 49 किग्रा. फ्री-स्टाइल स्पर्धा में खेल कौशल को बेहतर प्रदर्शन करते हुये 01 कांस्य पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि पर मप्र के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने दोनों को बधाई दी है। बालक वर्ग के कुश्ती (71 किग्रा. फ्री स्टाइल) में मध्यप्रदेश के महेश राठौर ने उत्तरप्रदेश के मुकुल अंक नही देने के लिए मजबूर कर दिया। अंततः राठौर ने मुकुल को 1-10 के अंतराल से बुरी तरह परास्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। बालिका वर्ग कुश्ती (49 किग्रा. फ्री स्टाईल) में मप्र की नंदनी वर्मा और गुजरात की खिलाड़ी चौधरी उर्मिला 4-2 से परास्त कर कांस्य पदक अर्जित किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • मई में शुरू होगी शूटिंग

# 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी देओल



फिल्म 'रामायण' हिंदी, तमिल और तेलुगु समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के वीएफएक्स पर ऑस्कर विनिंग कंपनी काम करने वाली है....

नितेश तिवारी जल्द ही अपनी अगले बिग बजट प्रोजेक्ट 'रामायण' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते कुछ महीनों में रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर इस फिल्म की कास्टिंग से जु?ी कई खबरें सामने आई हैं। अब एक रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म में हनुमान के रोल के लिए सनी देओल को लॉक कर लिया गया है। सनी ने पिछले साल गदर-2 जैसी सुपरहिट फिल्म दी है। इन दिनों उनके पास कई फिल्मों के ऑफर्स हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो सनी ने नितेश की इस फिल्म के हामी भर दी है। वो हनुमान का रोल प्ले करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। चर्चा है कि सनी मई 2024 से इस फिल्म के फर्स्ट पार्ट के लिए शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि, फिल्म के फर्स्ट पार्ट में सनी का गेस्ट अपीयरेंस ही होगा पर इसके सेकेंड और थर्ड पार्ट में स्क्रीन पर उनका पूरा प्रेजेंस होगा। इससे पहले यह भी सुनने में आया था कि मेकर्स विभीषण के रोल के लिए साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति से चर्चा कर रहे हैं। वहीं फिल्म में लारा दत्ता को कैकयी के रोल के लिए ऑप्ट किया गया है। यह भी चर्चा थी कि फिल्म में सनी के भाई बॉबी देओल, कुंभकरण के रोल में दिखेंगे। हालांकि, बाद में बॉबी की टीम ने इसे अफवाह करार दिया था। फिल्म तीन पार्ट में बनने वाली इस फिल्म का हर पार्ट 3 घंटे का होगा। इसे 500 करोड़ से भी ज्यादा बजट में बनाया जाएगा। इसे मधु मंटेना, अल्लू अरविंद और नमित मल्होत्रा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे।

### • जावेद अख्तर ने बताया कैसे छोड़ी शराब की लत

# हर रोज एक बोतल अल्कोहल पी लेते थे और हैंगओवर भी नहीं होता था...



बॉलीवुड के स्क्रीनराइटर और लिरिसिस्ट जावेद अख्तर ने 33 साल से शराब को हाथ नहीं लगाया. जावेद की बॉलीवुड में एंट्री के बाद से ही सिर्फ 25 साल की उम्र में ही उन्होंने वो नेम-फेम पाया जो उस जमाने में बड़े-बड़े एक्टर्स के पास भी नहीं था. जावेद उस जमाने में किसी बड़े एक्टर से भी ज्यादा फीस लेने के लिए जाने जाते हैं. लेकिन उन्हें भी अल्कोहल की लत लग गई. एक समिट जावेद ने शिरकत की थी. उन्होंने इस दौरान अपनी अल्कोहल की आदत और उसे छोड़ने के बारे में बातें बताईं. जावेद अख्तर ने बताया था कि वो हर रोज एक बोतल अल्कोहल पी लेते थे और उन्हें हैंगओवर भी नहीं होता था. लेकिन जब वो 41 या 42 साल के हुए तो उन्होंने बहुत ही तार्किक तरीके से सोचा कि अगर ऐसे ही पीते रहे तो शायद 52-53 साल में ही उनकी जिंदगी खत्म हो जाएगी. जावेद ने रैशनल होने का मतलब बताते हुए कहा कि आप कितनी बुद्धिमत्ता से किसी चीज के बारे में सोचते हैं. उन्होंने कहा, मैंने सोचा कि क्या मैं लंबा जीना चाहता हूं या शराब पीना चाहता हूं. उन्होंने अरबाज खान के साथ एक चैट शो में बताया था, मैं शराब किसी दुख में नहीं पीता था, मुझे बस मजा आता था इसलिए पीता था. लेकिन मुझे जिंदा रहने और शराब पीने के बीच चुनना था, तो मैंने जिंदा रहने को तवज्जो दी. जावेद ने बताया कि वो इस जद्दोजहद में 2 साल तक रहे कि उन्हें शराब छोड़नी है. लेकिन इस बारे में वो किसी से कह नहीं पा रहे थे. अगर वो अपनी पत्नी शबाना आजमी से कहते तो वो तुरंत उनसे छोड़ने के लिए कहने लग जातीं और वो तुरंत छोड़ना भी नहीं चाह रहे थे. उन्होंने इस बारे में बताया था, इसीलिए एक बार 31 जुलाई 1991 को मैंने पूरी बकार्डी की बोतल पी ली. उसके बाद वो दिन है और आज का दिन मैंने शराब को हाथ नहीं लगाई. उसके बाद मुझे कोई समस्या भी नहीं हुई. और मेरा स्वास्थ्य भी अच्छा रहने लगा. 2 से 3 साल बाद मुझे सांस लेने में प्रॉब्लम हुई. तो मैंने सिगरेट भी छोड़ दी.

### • फिल्म में सैफ के बेटे इब्राहिम करेंगे डेब्यू

# करण जौहर ने अनाउंस की नई फिल्म, काजोल हीरोइन, हीरो होंगे पृथ्वीराज



फिल्ममेकर करण जौहर ने नई फिल्म अनाउंस की है। हालांकि, करण ने इस बारे में खुलकर कोई डिटेल नहीं दी पर रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में काजोल, साउथ के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली को कास्ट किया गया है। इस फिल्म की जानकारी देते हुए करण ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'यह एक फिल्म अनाउंसमेंट नहीं है.. पर यह हो सकती है...आपकी मदद से। हम बीते एक साल से इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं पर हमने इसे छुपा कर रखा है, इसकी डिटेल्स किसी से शेयर नहीं की। यहां तक कि इस फिल्म के क्रू मेंबर्स को भी इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता और यह डिसीजन एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर ने लिया है।

## करण ने दी फिल्म से जुड़ी तीन हिंट्स

करण ने आगे लिखा, 'फिल्म की कुछ बड़ी हिंट्स इस तरह हैं.. फिल्म में साउथ का एक ऐसा सुपरस्टार है जिसने हाल ही में सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म दी है। एक बहुत ज्यादा चाही जाने वाली एक्ट्रेस, जिसने अपनी इमोशनल एनर्जी से हर किसी को दीवाना बनाया हुआ है। एक एक्टर जो इस फिल्म से डेब्यू कर रहा है और बिना थके मेहनत कर रहा है कि उसे उसकी जगह मिल सके। लड़ रहा है ह यानी नेपोटिज्म के ऑब्सेशन से, लेकिन वो अपना सिर नीचे करके सिर्फ काम कर रहा है। यह फिल्म तैयार है और जल्द ही रिलीज की जाएगी। कोई गेस अगर आप फिल्म के टाइटल और बाकी डिटेल्स को सही गेस कर पाते हैं- तो हमें आपको फिल्म की झलक दिखाने के लिए बुलाने में बेहद खुशी होगी।

**यूजर्स ने लगाए दोस्ताना-2 के गेस:** करण के इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स कई तरह के गेस लगा रहे हैं। कुछ का मानना है कि करण 'दोस्ताना 2' की अनाउंसमेंट करने वाले हैं तो वहीं कुछ इसे प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन के 'प्रोजेक्ट के' से जोड़ रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट्स की मानें तो करण इस पोस्ट में फिल्म 'सरजमीं' की बात कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए करण 14 साल बाद काजोल के साथ काम करेंगे। दोनों ने आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'माय नेम इज खान' में साथ काम किया था। हालांकि, इसके बाद काजोल 2012 में रिलीज हुई करण की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के एक गाने में भी नजर आई थीं। वहीं सुनने में आया है कि इस फिल्म से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अपना एक्टिंग डेब्यू और बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी भी अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर सकते हैं। साथ ही करण पहली बार साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ भी काम करते नजर आ सकते हैं। पृथ्वीराज ने हाल ही में पैन इंडिया 'सालार' जैसी हिट फिल्म दी है। करण की पिछली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' सुपरहिट रही थी। हाल ही में हुए फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में आलिया भट्ट को इसी फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला है।

# बीटिंग द रिट्रीट: पुलिस के ब्रास बैंड में संयम, अनुशासन और एकरूपता की लय गूंजी

## राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन बीटिंग द रिट्रीट के साथ हुआ। समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि रहे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में इस रंगारंग कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड व आर्मी ब्रास बैंड के वादकों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से संयम, अनुशासन और एकरूपता का परिचय दिया ।

उल्लेखनीय है कि बीटिंग द रिट्रीट सैन्य व अर्द्ध सैन्य बलों की प्राचीन परंपरा है। युद्ध के बाद जब सैन्य टुकड़ियां वापस अपने बैरकों में आती थीं तो युद्ध के बाद तनाव कम करने एवं मनोरंजन के लिए बैंड वादन का कार्यक्रम रखा जाता था। भारत में इस कार्यक्रम को ही गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम सोपान माना जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर देश की



राजधानी दिल्ली के रायसीना हिल्स के विजय चौक के अलावा केवल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ही बीटिंग द रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाता है।

### मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां

**बीटिंग द** रिट्रीट समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के आगमन पर पुलिस ब्रास बैंड ने धुन बजाकर उनका स्वागत किया। बाद पुलिस ब्रास बैंड कॉन्सर्ट में देशभक्ति गीतों और फिल्मी गीतों की शानदार धुनें प्रस्तुत की गईं। निरीक्षक सुनील कटारे के नेतृत्व में वंदेमातरम से शुरू हुआ धुनों का यह कारवां तेरी मिट्टी, ऐ दिल है मुश्किल, मेरे घर राम आए हैं सहित संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कॉन्सर्ट के अंतिम चरण में जैसे ही ह्लजय होह्व गीत की धुन पुलिस ब्रास बैंड ने बजाई तो श्रोता झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से स्टेडियम गूंज उठा।

### बैंड डिस्प्ले में धुनों पर किया मार्चपास्ट

**पुलिस ब्रास** बैंड कॉन्सर्ट के बाद बैंड डिस्प्ले का आयोजन किया गया। इसमें मास्ड बैंड, आर्मी ब्रास बैंड, और पुलिस ब्रास बैंड के बाद पुनः मास्ड बैंड ने प्रस्तुतियां दीं। इनमें फेनफेयर, क्विक मार्च, एंट्री मार्च, स्लो मार्च और एक्जिट मार्च में बैंड की धुनों पर मार्चपास्ट किया गया। सुमधुर गीतों की आकर्षक धुनों से श्रोता अभिभूत हो गए। रिट्रीट के पूर्व मास्ड बैंड ने ड्रम रोल की प्रस्तुति दी। ।

---

### होश आने के बाद बच्ची सड़क पर पहुंची, पुलिस ने हमीदिया अस्पताल में कराया भर्ती

# आठ साल की मासूम बेटी का गला रेतकर झाड़ियों में फेंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

### कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित मिलन शादी हॉल के पास बीती रात करीब 9 बजे के

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का कहना है गले की नस नहीं कटी हैं और डॉक्टर ने बताया कि वह खतरे से बाहर हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि घटना को उसके पिता ने ही अंजाम दिया है। पुलिस पिता के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 8 साल की प्रीति लोधी पिता तेज सिंह लोधी टीलाजमालपुरा, में रहती हैं। उसके पिता तेज सिंह लोधी मैरिज गार्डन में टैंट लगाने का काम करते हैं। प्रीति को मिलन शादी के हॉल के पास मुख्य सड़क पर कुछ लोगों ने घायल अवस्था में देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो प्रीति का गला रेता हुआ था और वह खून से लतपत थी। पुलिस उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां उसका इलाज शुरू किया गया। प्रीति से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसके पिता ने ही उसका गला काटा था और झाड़ियों में छोड़ आया था। गला कटने से वह बेसुध हो गई थी। कुछ देर झाड़ियों में बेसुध पड़ी रहने के बाद वह किसी तरह उठकर सड़क तक पहुंची और लोगों को घटना की जानकारी दी।

**कोहेफिजा मिलन शादी हाल के पास की घटना, बच्ची को लहूलुहान देखकर लोगों ने दी थी पुलिस को सूचना**

### आसपास लहूलुहान स्थिति में आठ साल की मासूम मिलने से सनसनी फैल गई। उसका गला बुरी तरह से कटा हुआ था।



फाइल फोटो

### पहली पत्नी की है बेटी

**पुलिस की** प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि प्रीति तेज सिंह की पहली पत्नी की बेटी है। कोरोना काल में उसकी पत्नी पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी। पत्नी की मौत के बाद उसने दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी से उसका एक बेटा है। तेज सिंह नशे नहीं करता है। उसने अपनी ही बेटी का गला क्यों रेता यह अभी पुलिस पता नहीं लगा सकी है। पुलिस का कहना है?कि प्रीति के विस्तृत बयान होने के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी। फिलहाल उसे हिरासत में ले लिया गया है।

## लेडी डॉक्टर की कार को टक्कर मारने वाले बाइक सवार का नहीं लगा सुराग

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास लेडी डॉक्टर की कार को टक्कर मारने और धमकाने वाले बाइक सवार का सुराग नहीं लग सका। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। उल्लेखनीय है कि डॉ. श्वेता श्रीवास्तव पति डा प्रशांत श्रीवास्तव (47) ई 8/16 बसंत कुंज अरेरा कालोनी में रहती हैं और गांधी मेडिकल कालेज मे डॉक्टर हैं।

उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार 27 जनवरी की दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी कार से जीएमसी जा रही थी। माता मंदिर चौराहे के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही बाइक के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर उनकी कार में बांई तरफ बैक लाइट में टक्कर मार दी। उसके बाद वह उतरकर ड्राइवर सीट के बाहर खड़ा होकर गालीगलौज करने लगा। डॉक्टर श्वेता ने उसे गाली देने से मना किया तो भड़क गया और आगे का कांच हाथ से तोड़ दिया। उससे डरकर डॉक्टर कार से बाहर नहीं निकली। आरोपी धमकाते हुए वहां से चला गया। घटना की जानकारी उन्होंने पति को दी थी। बाद में दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई थी।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस ने दर्ज की अज्ञात तीन चोरों पर एफआईआर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित ट्रूबा कॉलेज के पास कवर्ड कैंपस विशाल स्टेट कॉलोनी में रहने वाली महिला बैंककर्मी के घर घुसे तीन बदमाशों ने ताकी



**महिला बैंककर्मी के घर घुसे बदमाश, बाइक चुराकर ले गए**

झांकी की और बाहर पोर्च में खड़ी स्पोर्ट्स बाइक चुरा ली। आरोपियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरोपी बाइक को पीछे से उठाकर उसका स्टैंड आराम से उतारते हुए नजर आ रहें हैं, ताकि मकान में अंदर मौजूद परिजन को भनक न लग सके। आरोपियों ने बाइक स्टैंड से उतारी और उसे धकेलते हुए बाहर ले गए है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि चोर पारदी गिरोह के सदस्य लग रहे हैं। उनकी तलाश की जा रही है। घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात की है। लिहाजा पुलिस सोमवार रात से इलाके में गश्त बढ़ाएंगी।

### छोटे गेट से घुसे तीन बदमाश

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में घटना रात करीब दो बजे के आसपास की है। वीडियो में पहले एक युवक छोटे गेट को खोलकर अंदर घुसते हुए नजर आया है। उसके घुसने की थोड़ी ही देर बाद अन्य युवक अंदर घुसा, जबकि तीसरा युवक बाहर खड़ा था और बाहर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। आरोपियों ने गेट के पास टार्च से कुछ देखा और बाद में बाइक धकेलकर चुराते हुए फरार हो गए।

---

## आदतन अपराधी है तीसरी मंजिल से कूदने वाला दुष्कर्म का आरोपी

**भोपाल।** कोतवाली में पुलिस को देखते ही तीसरी मंजिल की खिड़की से नीचे छलांग लगाने वाला दुष्कर्म का आरोपी तलैया और जहांगीराबाद क्षेत्र का आदतन है। उस पर करीब 10 अपराध दर्ज हैं। इससे पूर्व वह पॉक्सो एक्ट के मामले में सजा काट चुका है। पुलिस के अनुसार कोतवाली निवासी 22 साल की युवती से आरोपी आसिफ उल्ला (35) का परिचय करीब डेढ़ साल पहले हुआ था। परिचय के बाद आरोपी ने युवती से मेलजोल बढ़ाया और मोबाइल पर बातचीत करने लगा। इस बीच आरोपी ने प्रेम-प्रस्ताव रखते हुए शादी करने की बात कही। युवती उसके झांसे में आ गई। सितंबर 2023 में आसिफ उल्ला युवती को बहला-फुसलाकर अपने दोस्त के फ्लैट पर लेकर पहुंचा और उससे शारीरिक संबंध बनाए। इस बीच आरोपी ने अश्लील वीडियो भी बना लिया था। बाद में अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसका दैहिक शोषण करने लगा। परेशान होकर युवती ने कोतवाली थाने में आरोपी आसिफ के खिलाफ बलात्कार व मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया।

**मेट्रो एंकर** जब्त शराब की कीमत 60 हजार, आबकारी एक्ट का मामला दर्ज

# खजूरी सड़क पुलिस ने वैन्यू कार से जब्त की देशी एवं अंग्रेजी शराब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क पर पुलिस ने एक शराब तस्करी की वैन्यू कार से 20 पेटी शराब देशी एवं अंग्रेजी मात्रा 188.28 लीटर जब्त की है। जब्त शराब की कीमत साढ़े 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस शराब तस्कर पर आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार कल सोमवार को थाना खजूरी सडक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की वैन्यू कार में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब लेकर जा रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने गांव तूमड़ा जोड़ फंदा में



उक्त कार को रोककर चेक किया। कार चेक करने पर उसमें देशी एवं अंग्रेजी शराब के कुल 20 कार्टून मिले। कुल 20 पेटी देशी एवं अंग्रेजी शराब की मात्रा 188.28 है। जब्त शराब की कीमत साढ़े 60 हजार रुपए है। पुलिस ने उक्त मामले में प्रकाश बुधवानी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए शराब जब्त कर ली है।

### शराबी इनोवा ड्राइवर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाने के पास सोमवार दोपहर बाइक सवार नगर निगम कर्मी को इनोवा के शराबी ड्राइवर ने टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर लगने से नगर निगमकर्मी सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। भीड़ ड्राइवर को अयोध्या नगर थाने लेकर पहुंची और उसका ब्रीथ एनेलाइजर से पुलिस ने टेस्ट किया। इस दौरान पता चला कि वह शराब के नशे में धुत हैं। पुलिस ने ड्राइवर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अयोध्या नगर निवासी मनोज सिंह नगर निगम मे नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि कल सोमवार दोपहर तीन बजे की बात है कि वह अपनी बाइक से अयोध्या नगर की तरफ जा रहे थे। सरयू सरोवर पार्क परशुराम चौराहा के पास पहुंचते ही सामने की तरफ से आ रही इनोवा कार के ड्राइवर ने कार को तेजी व लापरवाही पूर्व चलाकर उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। गिरने के कारण उन्हें दाहिने हाथ के पंजे की अंगुली व दाहिने व बाएं पैर मे चोट आई है।

## डिवाइडर तोड़ते हुए डॉक्टर की कार में घुसी फॉर्च्युनर जीप, माता-पिता घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित करबला के पास तेज रफ्तार फॉर्च्युनर जीप ने डॉक्टर की कार को टक्कर मार दी। टक्कर से फॉर्च्युनर कार ने डिवाइडर तोड़ा था। इस हादसे में डॉक्टर के माता पिता को चोट आई हैं और उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर फॉर्च्युनर गाड़ी ड्राइवर पर मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद से ही फॉर्च्युनर कार का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार डॉ. हरिसिमा सावलानी ताराचंदानी पति डॉ. राजेश ताराचंदानी (34) छत्रपति शिवाजी कॉलोनी चूनाभट्टी कोलार रोड में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार- सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे वह अपनी होंडा सिटी कार से पिता होतचंद सावलानी व मां रिचा सावलानी के साथ होटल आरके रेजेन्सी हलालपुर लालघाटी गई थी। वहां उनके कजिन की सगाई का कार्यक्रम था। कार्यक्रम अटैंड करने के बाद रात में वह चूनाभट्टी अपने घर के लिए निकली। कार वह खुद चला रही थी, जबकि कार में उनके बगल में उनके पिता होतचंद सावलानी बैठे थे। उनकी गोद मे डॉ. की बेटी और पीछे वाली सीट पर मां रिचा सावलानी बैठी थीं।

डॉ. कार से कर्बला से आगे टर्निंग पाइंट मस्जिद के पास पहुंची ही थी कि वीआईपी रोड पर रेतघाट की तरफ से आ रही सफेद रंग की फॉर्च्युनर जीप ने पहले डिवाइडर तोड़ा फिर उनकी गाड़ी में सामने की तरफ टक्कर मार दी। टक्कर लगने से डॉ. की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है, जबकि हादसे में उनके पापा और मां को हाथ, पैर, सिर मे गंभीर चोट आई है।

**डिवाइडर तोड़ते हुए डॉक्टर की कार में घुसी फॉर्च्युनर जीप, माता-पिता घायल**

## निजी अस्पताल की नर्स से दुष्कर्म, सात महीने लिव इन रिलेशन में रहकर दैहिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन टू की होटल में निजी अस्पताल की नर्स से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। होटल में पहली बार शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोपी नर्स का दैहिक शोषण करने लगा था। इसी बीच दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हो गई?और मामला थाने पहुंच गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 36 साल की युवती मूलतः छिंदवाड़ा की रहने वाली है और यहां अवधपुरी इलाके में रहती है। उसकी पहचान सोशल मीडिया पर विजय सिंह से हुई?थी। विजय सिंह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है?और होटल में काम करता है। सोशल मीडिया पर हुई पहचान दोस्ती में बदल गई और दोनों ने मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए। पीड़िता का कहना है?कि 17 जून 2023 को



विजय सिंह ने उसे एमपी नगर जोन टू स्थित होटल में मिलने बुलाया था और वहां उससे शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह आए दिन उसे अपने घर बुलाकर उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। करीब सात महीने तक दैहिक शोषण करने के बाद विजय सिंह उसे प्रताड़ित करने लगा। इसी से परेशान होकर उसने पुलिस को शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपी विजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। विजय सिंह ने बताया कि वह शादी करने के लिए तैयार है, लेकिन उसकी लिव इन पार्टनर उससे नाराज है और उसकी बात नहीं मान रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022